दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



पकौड़ों का मजा ....... खूब हंसो खिलखिलाओ......

वर्ष : 12 | अंक : 130 | लखनऊ, 02 मई, शनिवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

## खबर संक्षेप

### खेड़ा को शर्तों के साथ अग्रिम जमानत मिली

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा को सुप्रीम कोर्ट से अग्रिम जमानत मिल गई है। कोर्ट ने



शुक्रवार को कांग्रेस नेता पवन खेड़ा को निर्देश दिया कि वे जांच में सहयोग करें और बुलाए जाने पर थाने में पेश होंगे, साथ ही सबूतों को प्रभावित करने या उनके साथ छेड़छाड़ करने से बचेंगे।

### आईएफएफआई की कमान गोवारिकर को

नई दिल्ली। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने गोवा में आयोजित होने वाले 57वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय



फिल्म महोत्सव के लिए प्रख्यात फिल्म निर्माता आशुतोष गोवारिकर को महोत्सव निदेशक नियुक्त किया है। यह महोत्सव नवंबर में होगा। आशुतोष भारतीय सिनेमा के जाने-माने फिल्म निर्माता हैं।

### कैमरा और सेंसर से ऑटोमेटिक कटेगा टोल

सूरत। देश का पहला मल्टीलेन फ्री फ्लो बैरियर-लेस टोलिंग सिस्टम लॉन्च कर दिया गया है। केंद्रीय मंत्री



नितिन गडकरी ने एक्स पर लिखा, देश के लिए ये ऐलान करते हुए खुशी हो रही है कि भारत का पहला मल्टी-लेन फ्री फ्लो बैरियर-लेस टोलिंग सिस्टम चोरयासी टोल प्लाजा पर शुरू किया गया है।

### ट्रेन में 6.30 करोड़ की ड्रग्स, महिला गिरफ्तार

सूरत। दिल्ली से मुंबई जा रही निजामुद्दीन ट्रेन में ड्रग्स तस्करी का एक बड़ा मामला सामने आया है।



सूरत रेलवे स्टेशन पर एक महिला को गिरफ्तार किया है, जिसके पास से करीब 6.30 करोड़ की मेथम्फेटामाइन ड्रग्स बरामद हुई है। वह नासिक की बताई जा रही है और शातिर तरीके से ड्रग्स को छिपाकर यात्रा कर रही थी।

### शाह ने कारगिल में 10,000 लीटर दूध वाली डेयरी प्लांट की रखी आधारशिला

# दुग्ध लैब, शीतलन प्रणाली, डेयरी अवसंरचना होगी मजबूत, इस क्षेत्र में 70% की वृद्धि दिखी

## 'आत्मनिर्भर लद्दाख' और 'आत्मनिर्भर भारत' की पहल

राजकुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख/ नई दिल्ली,

केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कारगिल में 10,000 लीटर प्रतिदिन क्षमता वाले डेयरी संयंत्र की शुक्रवार को आधारशिला रखी। शाह ने लद्दाख और कारगिल में डेयरी अवसंरचना को मजबूत करने के लिए कई परियोजनाओं की शुरुआत और नई योजनाओं की घोषणा की। मंत्री ने साथ ही लद्दाख के लिए डेयरी विकास से जुड़ी कई ऑनलाइन माध्यम से पहल पेश कीं। अधिकारियों ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ये पहल पेश की गई हैं। इनमें मोबाइल दूध परीक्षण प्रयोगशालाएं, आधुनिक दूध शीतलन प्रणाली और डेयरी अवसंरचना को मजबूत करना शामिल है, ताकि केंद्र शासित प्रदेश में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिल सके। शाह ने शुक्रवार को कहा कि वर्ष 2014 में नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद देश के पशुपालन और डेयरी क्षेत्र में काफी बदलाव आया है। एक दशक में दूध उत्पादन में लगभग 70 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। यह 'आत्मनिर्भर लद्दाख' और 'आत्मनिर्भर भारत' की दिशा में एक अहम कदम है।

**25** करोड़ रुपए के खर्च से इस शहर में काम

**2024-25** में 24.8 करोड़ टन हो गया दूध उत्पादन

**485** ग्राम तक पहुंच गई प्रति व्यक्ति दूध उपलब्धता

**350** किलोवाट सौर ऊर्जा आधारित प्रणाली पर चलेगा



### डेयरी क्षेत्र में एक बड़ी वृद्धि देखी गई

शाह ने कहा कि देश का दूध उत्पादन 2014-15 के 14.3 करोड़ टन से बढ़कर 2024-25 में करीब 24.8 करोड़ टन हो गया है। उन्होंने बताया कि इस वृद्धि का लगभग आधा हिस्सा पिछले पांच वर्षों में हासिल हुआ है। प्रति व्यक्ति दूध उपलब्धता भी 307 ग्राम प्रतिदिन से बढ़कर लगभग 485 ग्राम तक पहुंच गई है, जो पोषण सुरक्षा के लिहाज से महत्वपूर्ण है। इन पहलों का असर अब दिखने लगा है। एक गांव के 74 किसानों से शुरू होकर अब यह नेटवर्क करीब 1,700 किसानों तक पहुंच गया है। दैनिक दूध संग्रह लगभग 7,000 लीटर तक पहुंच गया है और किसानों को कुल भुगतान 15 करोड़ रुपए से अधिक हो चुका है।

सदियों से धर्म की जीवंत भूमि रहा लद्दाख

### लेह में बुद्ध पूर्णिमा समारोह का किया उद्घाटन



शाह ने भगवान गौतम बुद्ध के अवशेषों की 75 वर्ष बाद लद्दाख वापसी को ऐतिहासिक पुनर्मिलन बताया। यह क्षेत्र सदियों से 'धर्म की जीवंत भूमि' रहा है, जिसने बौद्ध ज्ञान और करुणा की परंपरा को सहेजा है। लेह में 2569वें बुद्ध पूर्णिमा समारोह के उद्घाटन अवसर पर शांति, करुणा का मार्ग बताया।

### राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड

अधिकारियों ने बताया कि 10,000 लीटर प्रतिदिन क्षमता वाला आधुनिक डेयरी प्रसंस्करण संयंत्र लगभग 25 करोड़ की लागत से राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी इंडियन डेयरी मशीनरी कंपनी द्वारा स्थापित किया जा रहा है। यह परियोजना मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय के राष्ट्रीय डेयरी विकास कार्यक्रम के तहत लागू की जा रही है।

### आधुनिक मोबाइल 'मिल्क कलेक्शन' एवं 'कूलिंग सिस्टम'

दूध संग्रह के लिए आधुनिक मोबाइल 'मिल्क कलेक्शन' एवं 'कूलिंग सिस्टम' स्थापित किया जाएगा जिससे किसानों से सीधे दूध संग्रह, गुणवत्ता संरक्षण और क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। किसानों की आय बढ़ाने और खरीद प्रणाली में पारदर्शिता आएगी।

**सौर ऊर्जा से संचालन :** यह सौर ऊर्जा आधारित संयंत्र हजारों किसानों को प्रत्यक्ष लाभ देगा, उनकी आय बढ़ाएगा और स्थानीय कृषि मूल्य श्रृंखला को मजबूत करेगा। मोबाइल प्रयोगशालाओं की तैनाती, कोल्ड चेन नेटवर्क का विस्तार भी किया जाएगा।

### सिलेंडर के दाम बढ़ने पर कांग्रेस आक्रामक

# देश में फिर हो गई महंगाई भारी अब पेट्रोल व डीजल की बारी

## राहुल बोले- आपकी थाली पर भी पड़ेगा असर



अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

व्यावसायिक सिलेंडर की कीमतों में हुई बढ़ोतरी को लेकर राजनीति शुरू हो गई है। विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने व्यावसायिक सिलेंडर की कीमतों में उछाल के मुद्दे पर सरकार पर तीखा हमला बोला। एक्स पर साझा पोस्ट में लिखा, 'महंगाई मैन मोदी' का चाबुक फिर चला। कामर्शियल सिलेंडर 993 रुपए महंगा हुआ। मोदी ने पिछले 4 महीने में कमर्शियल सिलिंडर के दाम इस तरह बढ़ाए।कामर्शियल सिलेंडर सिर्फ 4 महीने में 1,518 रुपए महंगा हो गया। अभी साल के 8 महीने बाकी हैं। मोदी की वसूली जारी है। अब 5 किलो वाला छोटू सिलेंडर भी महंगा कर दिया। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कमर्शियल सिलेंडर के दाम बढ़ने पर सरकार को आड़े हाथों लिया। पहला वार गैस पर, अगला वार पेट्रोल-डीजल पर।

### हर किसी की रसोई पर बोझ बढ़ा

राहुल ने एक्स पर लिखा, कह दिया था- चुनाव के बाद महंगाई की गर्मी आएगी। आज कामर्शियल गैस सिलेंडर 993 रुपए महंगा। एक ही दिन में सबसे बड़ी बढ़ोतरी। यह चुनावी बिल है। फरवरी से अब तक 1380 रुपए की बढ़ोतरी हुई और सिर्फ 3 महीनों में 81 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। चायवाला, ढाबा, होटल और बेकरी, हलवाई- हर किसी की रसोई पर बोझ बढ़ा और इसका असर आपकी थाली पर भी पड़ेगा। दूसरी ओर मई से एलपीजी की कीमतों में वृद्धि की आशंका थी। होर्मुज जलडमरूमध्य की नाकाबंदी होने के चलते दुनियाभर में 20 प्रतिशत तेल और गैस की आपूर्ति प्रभावित हुई है।

### राहुल के खिलाफ एफआईआर की मांग वाली याचिका खारिज की

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और रायबरेली से कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को एक बड़े कानूनी मामले में बड़ी राहत दी है। जस्टिस विक्रम डी चौहान की एकल पीठ ने राहुल गांधी के खिलाफ 'इंडियन स्टेट' से लड़ाई वाले विवादित बयान को लेकर दाखिल याचिका को शुक्रवार को खारिज कर दिया। कोर्ट के इस फैसले के बाद अब इस मामले में न तो मुकदमा दर्ज होगा और न ही कोई कानूनी कार्यवाही चलेगी।

### नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट ने किया ऐलान

इंडिगो के अलावा अकासा एयर, एयर इंडिया के प्रस्ताव

# 15 जून से शुरू होंगी इंडिगो की उड़ानें, शुरुआत में 17 फ्लाइट्स




अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

इंटरनेशनल एयरपोर्ट ने शुक्रवार को आधिकारिक घोषणा करते हुए जानकारी दी है कि यहां से 15 जून 2026 से व्यावसायिक विमान सेवाएं शुरू होंगी। पहली कमर्शियल फ्लाइट इंडिगो द्वारा संचालित की जाएगी। इसके तुरंत बाद अकासा एयर और एयर इंडिया एक्सप्रेस भी अपनी सेवाएं शुरू करेंगे।

### करीब 70 फ्लाइट के प्रस्ताव पूर्व में मिल चुके

एयरपोर्ट प्रबंधन जून के मध्य तक उड़ान शुरू होने की बात कह रहा है। यीडा व नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड के सीईओ राकेश कुमार सिंह का कहना है कि नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर कॉमर्शियल सेवाएं शुरू हो सकें। इसके लिए हर संभव प्रयास यापल और नायल के स्तर पर किया जा रहा है।उड़ान शुरू करने के लिए वर्तमान में करीब 70 फ्लाइट के प्रस्ताव पूर्व में मिल चुके हैं। इससे कमोबेश सभी प्रमुख शहरों के लिए उड़ान यहां से शुरू होनी हैं। इंडिगो के अलावा अकासा एयर, एयर इंडिया एक्सप्रेसवे के भी प्रस्ताव इन उड़ान के लिए हैं।

### आरोप मुक्त होने पर ईडी किसी केस को बंद न करे: राजू

नई दिल्ली। अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) एसवी राजू ने गुरुवार को कहा कि जब अदालतें



मूल अपराधों में आरोपियों को बरी कर देती हैं या उन्हें आरोप-मुक्त कर देती हैं तो ईडी को ऐसे नतीजों को मामले का अंत नहीं समझना चाहिए, बल्कि उन्हें नए सिरे से जांच फिर से शुरू करनी चाहिए। राजू की ये बातें दिल्ली शराब नीति मामले से जोड़ कर देखी जा रही है।

### बुद्ध पूर्णिमा पर किया स्नान



हरिद्वार। शुक्रवार को उत्तराखंड के हरिद्वार में हर की पौड़ी पर बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर गंगा नदी के किनारे भारी भीड़ उमड़ी। लोगों ने स्नान किया। सुबह से ही लोग पहुंचने लगे थे।

### सार्वजनिक अशांति भड़काने का स्पष्ट तत्व नहीं मिला

सुप्रीम कोर्ट ने सुनाया अहम फैसला

# अनुराग और प्रवेश के भाषण नफरत फैलाने वाले नहीं, अर्जी खारिज की



अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

सुप्रीम कोर्ट ने हेट स्पीच से जुड़े एक अहम मामले में बड़ा फैसला सुनाते हुए भाजपा नेताओं अनुराग ठाकुर और प्रवेश वर्मा को राहत दी है। अदालत ने स्पष्ट किया कि उनके खिलाफ कोई भी संज्ञेय अपराध नहीं बनता। यह फैसला 29 अप्रैल को जस्टिस विक्रम नाथ और संदीप मेहता की पीठ ने सुनाया।

### फैसले में यह भी कहा

कोर्ट ने फैसले में कहा कि प्रस्तुत सामग्री और कथित भाषणों की जांच के बाद कोई संज्ञेय अपराध नहीं बनता। भाषण किसी विशेष समुदाय के खिलाफ नहीं थे। इनमें हिंसा या सार्वजनिक अशांति भड़काने का स्पष्ट तत्व नहीं पाया गया। अदालत ने यह भी कहा कि हाईकोर्ट का अंतिम निष्कर्ष सही था, लेकिन उसकी तर्क प्रक्रिया (सैंक्शन के आधार पर) पूरी तरह उचित नहीं थी। सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया कि एफआईआर दर्ज करने के लिए पहले से सरकारी अनुमति (सैंक्शन) जरूरी नहीं है। ऐसी अनुमति की आवश्यकता केवल उस चरण में होती है, जब अदालत मामले का संज्ञान लेती है। यदि जांच शुरू करने से पहले ही सैंक्शन को अनिवार्य कर दिया जाए, तो इससे जांच प्रक्रिया पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है।

### पंजाब में मजदूरों को समर्पित विधानसभा का विशेष सत्र

# मान सरकार ने सदन में विश्वास मत हासिल किया

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

मजदूर दिवस पर पंजाब सरकार ने मजदूरों को समर्पित विधानसभा का विशेष सत्र आयोजित किया। सीएम भगवंत मान ने पंजाब में न्यूनतम मजदूरी में 15 फीसदी की बढ़ोतरी का ऐलान किया। इसमें सरकारी और गैर सरकारी दोनों शामिल हैं। मान ने कहा कि यह मजदूर दिवस पर उनके लिए तोहफा है। 2013 से दो सरकारें चली गई हैं, लेकिन मजदूरी में बढ़ोतरी नहीं हुई थी। आप सरकार ने पंजाब विधानसभा में विश्वास प्रस्ताव पेश किया और विश्वास मत हासिल किया। पक्ष में 94 में से 88 ने मत दिया। राष्ट्रपति के पास लेकर जाएंगे। विधायक भी जाएंगे। देश में ऐसा कानून होना चाहिए कि इस तरह पार्टी न छोड़ जाए। मान ने कहा कि हम पार्टी के के साथ चट्टान के साथ खड़े हैं। किसी भी तरह लालच नहीं है आप नेताओं में। मान ने विश्वास प्रस्ताव ने कहा कि भाजपा में 240 में से 125 कांग्रेस के गए हुए हैं।

### न्यूनतम मजदूरी में किया 15 फीसदी का इजाफा



**मान पर लगे शराब पीकर आने के आरोप**

मान पर शिरोमणि अकाली दल ने सदन में अंदर शराब पीकर आने का आरोप लगाया है। मान के कृत्य को शर्मनाक बताया। इसे संविधान और विधानसभा की मर्यादा का अपमान बताते हुए मुख्यमंत्री की आलोचना की है। यह अत्यंत शर्मनाक बात है।

**सीएम करेंगे शुकराना यात्रा**

बेअदबी के खिलाफ बिल लागू होने के बाद मान की तरफ से शुकराना यात्रा शुरू की जाएगी। छह से लेकर 9 मई तक यह यात्रा चलेगी। सीएम पहले श्री आनंदपुर साहिब, श्री अकाल तख्त साहिब और फिर दमदमा साहिब और फतेहगढ़ साहिब में नतमस्तक होंगे।

### डोप टेस्ट की मांग बाजवा का वॉकआउट

अकाली दल ने लिखा, दल मांग करता है कि मुख्यमंत्री का आज पूरे पंजाब के सामने डोप टेस्ट कराया



जाए। कांग्रेस ने भी मान पर शराब पीकर विधानसभा आने के आरोप लगाए और सदन से वॉकआउट किया। विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा ने आरोप का समर्थन किया और शराब जांच कराने की मांग की। इसके साथ ही सदन से वॉकआउट किया।

## घर में घुसकर युवती को जान से मारने की धमकी देने का आरोप,रिपोर्ट दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ।बिजनौर थाना क्षेत्र में एक युवती के घर में घुसकर धमकी देने का मामला सामने आया है। इस मामले में बिजनौर के पटवारी मोहल्ला निवासी महिला शिफा खान ने बिजनौर में रहने वाले इशरत, अरजू, फुजैल, सावेज रिजवान, जावेज और चार अन्य लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़िता के मुताबिक गुरुवार दोपहर उसके माता-पिता किसी काम से बाहर गए थे और वह घर पर अकेली थी। इसी दौरान इशरत, उसके बेटे अरजू और फुजैल सहित सावेज, रिजवान, जावेज व चार अन्य अज्ञात लोग घर में घुस आए। आरोप है कि सभी ने मिलकर उसे और उसके पिता को जान से मारने की धमकी दी।घटना से सहमी युवती ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई।पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# श्रमिकों के सम्मान और सशक्तिकरण से ही विकसित भारत का सपना होगा साकार - केशव प्रसाद मौर्य

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ । उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने इन्दिरागांधी प्रतिष्ठान लखनऊ में ह्यअन्तर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवसह्न के अवसर पर मा0 मुख्यमंत्री जी की गरिमामयी उपस्थिति मे आयोजित श्रमवीर गौरव समारोह मे सम्मिलित होते हुये कहा कि श्रमिकों के परिश्रम, समर्पण और योगदान के बिना न प्रदेश का विकास संभव है और न ही देश का। उन्होंने कहा कि विकसित भारत और विकसित उत्तर प्रदेश के निर्माण में श्रमिकों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। उप मुख्यमंत्री ने सभी श्रमिक भाई-बहनों को अन्तर्राष्ट्रीय श्रम दिवस तथा भगवान तथागत बुद्ध की पूर्णिमा की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह दिन श्रमिकों के सम्मान, उनके अधिकारों और उनके योगदान को स्मरण करने का अवसर है। श्री मौर्य ने कहा कि वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और वर्ष 2017 में मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में डबल इंजन सरकार बनने के बाद श्रमिकों के जीवन में व्यापक सकारात्मक परिवर्तन आए हैं।सरकार ने श्रमिकों के सम्मान और उनके जीवन स्तर को सुधारने के लिए अनेक प्रभावी कदम उठाए हैं। उन्होंने वर्ष 2019 के प्रयागराज अर्धकुंभ का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा सफाई कर्मियों के चरण धोकर उनका सम्मान करना देश में श्रमिकों के प्रति सम्मान की नई परंपरा स्थापित करता है। इसी प्रकार काशी विश्वनाथ धाम के निर्माण में लगे श्रमिकों का सम्मान भी उनकी मेहनत के प्रति कृतज्ञता का प्रतीक है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में वीआईपी संस्कृति को समाप्त करते हुए 1 मई को ही लाल बत्ती प्रथा खत्म करने का निर्णय लिया गया, जो समानता और जनसम्मान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम था।उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि श्रमिकों के बच्चे भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त कर आगे बढ़ें और जीवन में सफलता हासिल करें। आज श्रमिक परिवारों के बच्चे खेल, शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर देश और प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं। श्री मौर्य ने कहा कि मा0 प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य रखा है। इसी क्रम में मा0 मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश को भी विकसित राज्य बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि ह्लसबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयासह्न के मंत्र के साथ सरकार समाज के हर वर्ग, विशेषकर श्रमिकों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। उप मुख्यमंत्री ने अटल आवासीय विद्यालयों के विद्यार्थियों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए उन्हें निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि सरकार हर प्रतिभा को आगे बढ़ाने के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। श्री मौर्य ने सभी श्रमिकों के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और पुनः श्रम दिवस एवं बुद्ध पूर्णिमा की शुभकामनाएं दीं।

## उपखनिजों के अवैध खनन व परिवहन पर सख्त कार्यवाही, चला विशेष प्रवर्तन अभियान

**19 वाहनों पर कार्रवाई, रू 15.28 लाख का अधिरोपण — श्रीमती माला श्रीवास्तव**

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ।प्रदेश में उपखनिजों के अवैध खनन, अवैध परिवहन एवं ओवरलोडिंग पर प्रभावी नियंत्रण के लिए भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग द्वारा विशेष प्रवर्तन अभियान प्रारम्भ किया गया है। सचिव/निदेशक, भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग, उत्तर प्रदेश श्रीमती माला श्रीवास्तव के निर्देश पर निदेशालय स्तर से यह अभियान जनपद लखनऊ में संचालित किया गया। अभियान के दौरान की गई सघन जांच में अधिकांश वाहन वैध परिवहन प्रपत्रों के साथ संचालित पाए गए।वहीं, जिन वाहनों में अवैध परिवहन अथवा ओवरलोडिंग पाई गई, उनके विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की गई।इस क्रम में कुल 19 वाहनों पर रू15,28,490 का अधिरोपण किया गया, जिसमें से रू 11,25,290 की धनराशि राजकोष में जमा कराई गई। श्रीमती माला श्रीवास्तव ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि यह विशेष अभियान निरंतर जारी रहेगा। इसके लिए निदेशालय स्तर से 20 प्रवर्तन टीमें विभिन्न क्षेत्रों में भेजी गई हैं। अभियान की प्रगति की समीक्षा करते हुए उन्होंने अंतर्राज्यीय सीमावर्ती जनपदों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि अन्य राज्यों से आने वाले उपखनिजों का परिवहन केवल आईएसटीपी के माध्यम से ही सुनिश्चित किया जाए तथा किसी भी स्थिति में ओवरलोडिंग न होने दी जाए। उन्होंने यह भी कहा कि जनपदों में स्थित खनन क्षेत्रों में स्रोत बिंदु पर ही निर्धारित मानकों के अनुरूप लोडिंग सुनिश्चित की जाए। किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई की जाएगी।

## दुबई जा रहे यात्री के लगेज बैग से अवैध तमंचा बरामद

**सुरक्षा कर्मियों ने यात्री को हिरासत में लेकर तमंचा सहित पुलिस के किया हवाले**

अमन लेखनी समाचार

**सरोजनीनगर, लखनऊ।** राजधानी के चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर शुक्रवार तड़के दुबई जा रहे एक यात्री के लगेज बैग से अवैध तमंचा बरामद होने पर हड़कंप मच गया। बाद में सुरक्षा कर्मियों ने यात्री को हिरासत में लेकर तमंचा सहित सरोजनी नगर पुलिस के हवाले कर दिया।पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर तमंचा जब्त कर लिया और यात्री को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ कर रही है। पुलिस के मुताबिक गोंडा जिले के मनकापुर थाना अंतर्गत चांदपुर लखपत राय निवासी स्व. घनश्याम चौहान का 22 वर्षीय बेटा महेश कुमार चौहान शुक्रवार तड़के लखनऊ से 5:45 बजे दुबई जाने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान ( आईएक्स 193 ) से दुबई जाने के लिए लखनऊ एयरपोर्ट पहुंचा।इस दौरान वह अपना लगेज बैग बुक करने बुकिंग काउंटर पर पहुंचा तो उसके लगेज बैग की सुरक्षा जांच के दौरान बैग से 12 बोर का अवैध तमंचा बरामद हुआ।इस पर एयरपोर्ट के लगेज बुकिंग काउंटर में तैनात निजी सुरक्षा कर्मियों ने उसे तमंचे सहित पकड़कर सरोजनी नगर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस का कहना है कि जब यात्री महेश को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो उसने बताया कि वह नौकरी के सिलसिले में दुबई जा रहा है। लेकिन उसके बैग में तमंचा कहां से आया, इसका वह जवाब नहीं दे सका। पुलिस सूत्रों के मुताबिक संदेह जताया जा रहा है कि आरोपी महेश दुबई में अवैध तमंचे का कारोबार करने के चक्कर में सैंपल के तौर पर यह तमंचा ले जा रहा होगा।फिलहाल पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। वहीं पुलिस ने बरामद तमंचा जब्त करते हुए आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# श्रम दिवस पर यूपीडब्लूजेयू ने दिया उपमुख्यमंत्री को ज्ञापन, प्रदेश भर में हुए कार्यक्रम

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ।श्रम दिवस के मौके पर शुक्रवार को यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन ( यूपीडब्लूजेयू ) ने उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक को पत्रकारों के कल्याण व समस्याओं से संबंधित ज्ञापन सौंपा।इस अवसर पर लखीमपुर, बहराइच सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों में यूपीडब्लूजेयू की इकाईयों ने कार्यक्रमों का आयोजन किया।यूपीडब्लूजेयू के प्रदेश अध्यक्ष टी.बी. सिंह के नेतृत्व में एक प्रतिनिधमंडल शुक्रवार को उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक से मिला और उन्हें पत्रकारों की समस्याओं व कल्याण संबंधी ज्ञापन सौंपा। उप मुख्यमंत्री ने पत्रकारों को श्रम दिवस की बधाई देते हुए कहा कि वह इन मांगों पर जल्द से जल्द कारवाई कराने का पूरा प्रयास करेंगे। टी.बी. सिंह के नेतृत्व में उप मुख्यमंत्री से मिले । प्रतिनिधिमंडल ने ब्रजेश पाठक को सौंपे गए ज्ञापन में प्रदेश के सभी श्रमजीवी पत्रकारों को अधिवर्षता के उपरांत पेंशन से आच्छादित किया करने, पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने, प्रदेश के मुख्यालय व जिलों में पत्रकारों को रियायती दरों पर आवास अथवा भूखंड दिए जाने की योजना लाने, राज्य मुख्यालय पर मान्यता प्राप्त पत्रकारों की तरह जिला मान्यता प्राप्त एवं सभी श्रमजीवी पत्रकारों को पीजीआई में निशुल्क इलाज की सुविधा उपलब्ध कराने, पीजीआई की तरह केजीएमयू एवं लोहिया अस्पताल में भी मान्यता प्राप्त पत्रकारों के निशुल्क इलाज की सुविधा दिये जाने, पत्रकारों के लिए सभी राजकीय अस्पतालों में पूर्व की भांति पर्चा व दवा के अलग काउंटर स्थापित किए जाने और असमय काल-कलवित होने वाले पत्रकारों के परिजनों को प्रदेश सरकार से पूर्व की भांति आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की मांग की गई।उप मुख्यमंत्री ने पत्रकारों की मांगों से सहमति जताते हुए उन पर सहानुभूतिपूर्व विचार करने व निराकरण करवाने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधि मंडल में इंडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन ( आईएफडब्लूजे ) के राष्ट्रीय सचिव सिद्धार्थ कलहंस, यूपीडब्लूजेयू के वरिष्ठ सचिव उत्कर्ष सिन्हा, संगठन सचिव आचार्य अजय त्रिवेदी व प्रदेश सचिव राजेश मिश्रा शामिल थे। राजधानी लखनऊ के कार्यक्रम के बाद यूपीडब्लूजेयू अध्यक्ष टी.बी. सिंह श्रम दिवस पर पत्रकारों के कार्यक्रम में शामिल होने बहराइच व लखीमपुर भी पहुंचे। लखीमपुर में श्रम दिवस पर आयोजित कार्यक्रम के बाद यूपीडब्लूजेयू जिला इकाई के अध्यक्ष कुलदीप पाहवा के नेतृत्व में पत्रकारों ने अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। बहराइच में पत्रकारों ने यूपीडब्लूजेयू अध्यक्ष टी.बी. सिंह का स्वागत किया और जिला इकाई अध्यक्ष मसूद कादरी के नेतृत्व में पत्रकारों के कल्याण संबंधी ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा।

## गुम मोबाइल लौटाकर लखनऊ पुलिस ने लौटाई मुस्कान



अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। राजधानी में खोए मोबाइल फोन पाने की उम्मीद छोड़ चुके लोगों को बड़ी राहत मिली है। पुलिस कमिश्नरेट के दक्षिणी जोन की साइबर सेल टीम ने सीईआईआर (उएकफ) पोर्टल की मदद से 54 मोबाइल फोन बरामद कर उनके वास्तविक स्वामियों को सौंपे।बरामद मोबाइलों की कुल कीमत करीब 12 लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस आयुक्त अमरेन्द्र कुमार सेंगर के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत गुम मोबाइलों की तलाश तेज की गई थी।डीसीपी (दक्षिणी) अमित कुमार आनन्द के नेतृत्व तथा एडीसीपी साउथ वसंत कुमार के निर्देशन में साइबर टीम ने विभिन्न जनपदों और राज्यों में मोबाइल की लोकेशन ट्रेस की। मोबाइल अलग-अलग स्थानों पर सक्रिय मिले, जिसके बाद संबंधित जिलों की पुलिस और स्थानीय टीमों के सहयोग से उन्हें बरामद किया गया। इसके बाद मोबाइल स्वामियों को बुलाकर उनके फोन सुपुर्द किए गए। मोबाइल वापस पाकर लोगों के चेहरे खिल उठे। कई लोगों ने खुशी जताते हुए लखनऊ पुलिस की सराहना की और कहा कि उन्हें उम्मीद नहीं थी कि उनका फोन वापस मिल पाएगा।

### बरामदगी एक नजर में

54 मोबाइल फोन (विभिन्न कंपनियों के)

अनुमानित कीमतः करीब 12 लाख रुपये

टीम

साइबर सेल, जोन-दक्षिणी, पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

## जमीन के नाम पर करोड़ों की धोखाधड़ी,डीसीपी दक्षिणी से शिकायत

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। राजधानी के बंथरा थाना क्षेत्र में जमीन के नाम पर करोड़ों की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है।इस मामले में हजरतगंज के राणा प्रताप मार्ग निवासी अमित कुमार गुप्ता ने निराला नगर निवासी मुकेश जिंदल और भव्य जिंदल पर फर्जी रजिस्ट्री कर जमीन हड़पने और धमकी देने का आरोप लगाया है।पीड़ित ने इसकी शिकायत डीसीपी दक्षिणी से की। अमित कुमार गुप्ता के मुताबिक उन्होंने वर्ष 2013 में एलडीआरसी कंस्ट्रक्शन कंपनी के निदेशक मुकेश कुमार जिंदल से बंथरा के मेमौरा में करीब 18,200 वर्गफीट जमीन खरीदी थी, जिस पर फार्म हाउस और होटल का निर्माण कराया। आरोप है कि वर्ष 2023 में जिंदल ने 90 लाख रुपये के सौदे में खसरा संख्या-109 की 24,000 वर्गफीट जमीन की रजिस्ट्री करा दी। जबकि उक्त जमीन न तो उनके कब्जे में थी और न ही विवादमुक्त। पीड़ित का कहना है कि जब वह जमीन पर कब्जा लेने पहुंचे तो एयरफोर्स क्षेत्र से जुड़े होने के कारण उन्हें भगा दिया गया और निर्माण पर प्रतिबंध की जानकारी दी गई।इसके बाद कई बार शिकायत करने पर आरोपी ने दूसरी जमीन देने का आश्वासन दिया।लेकिन अब तक न तो रजिस्ट्री दुरुस्त की गई और न ही कोई वैकल्पिक जमीन दी गई। आरोप है कि विरोध करने पर आरोपी और उसके बेट ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। साथ ही दिए गए कई चेक भी बाउंस हो चुके हैं, जिस पर न्यायालय में वाद लंबित है। फिलहाल डीसीपी के आदेश पर बंथरा पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## कटीबगियाझ्रमोहान मार्ग पर भीषण सड़क हादसा

अमन लेखनी समाचार/ शुभम सिंह चौहान संवाददाता

लखनऊ। बंथरा थाना अंतर्गत कटीबगियाझ्रमोहान मार्ग पर आज एक भीषण सड़क हादसा हो गया, जिसमें ई-रिक्शा और मोटरसाइकिल के बीच जोरदार टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में ई-रिक्शा चालक मिथलेश (पुत्र जयकिशन), निवासी हरौनी तथा मिनहाज (पुत्र परवेज), निवासी अमीनाबाद गंभीर रूप से घायल हो गए।घटना की सूचना मिलते ही हरौनी चौकी प्रभारी श्याम जी मिश्रा, एसआई अभय गुप्ता व अन्य पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और घायलों को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। बताया जा रहा है कि आसपास बने मैरिज लॉनों में पार्किंग की समुचित व्यवस्था न होने के कारण वाहन सड़क पर ही खड़े किए जाते हैं, जिससे अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती है और हादसों की आशंका बढ़ जाती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कतिबगियाझ्रमोहान मार्ग पर स्थित किसी भी मैरिज लॉन में पर्याप्त पार्किंग सुविधा नहीं है, जिसके चलते सड़क पर अतिक्रमण आम बात हो गई है। इसके अलावा, पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा सड़क किनारे पटरियों की साफ-सफाई न किए जाने के कारण झाड़ियां और अव्यवस्था बनी रहती है, जो दुर्घटनाओं का एक बड़ा कारण बन रही है।नारायनपुरझ्रफतेहगंज मार्ग पर भी इसी तरह की लापरवाही के चलते लगातार हादसों की आशंका बनी रहती है।स्थानीय निवासियों ने आरोप लगाया है कि संबंधित विभागों के अधिकारी इस गंभीर समस्या को नजरअंदाज कर रहे हैं और कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है।

## निजी तस्वीरें वायरल करने की धमकी देकर महिला को किया ब्लैकमेल , मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार




पीजीआई। तेलीबाग थाना क्षेत्र में एक महिला को उसकी निजी तस्वीरें वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने थाने में तहरीर देकर अज्ञात आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। तहरीर के अनुसार,महिला ने बताया कि वह मध्य कमान मुख्यालय में कार्यरत हैं।उनके मोबाइल पर एक अनजान नंबर से लगातार व्हाट्सएप कॉल और मैसेज किए जा रहे हैं। आरोपी के पास उनकी कुछ निजी तस्वीरें होने का दावा किया जा रहा है और उन्हें वायरल करने की धमकी दी जा रही है।पीड़िता का आरोप है कि आरोपी तस्वीरें रिश्तेदारों और अन्य लोगों को भेजने की बात कहकर उसे मानसिक रूप से परेशान कर रहा है और ब्लैकमेल करने का प्रयास कर रहा है। महिला ने पुलिस से अनुरोध किया है कि मामले की जांच गोपनीय तरीके से की जाए ताकि उसकी सामाजिक छवि प्रभावित न हो। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि संबंधित मोबाइल नंबर की जांच कर आरोपी की पहचान की जा रही है। जल्द ही आरोपी को चिन्हित कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## बंथरा थाना पुलिस द्वारा चलाया गया मिशन शक्ति अभियान

अमन लेखनी समाचार /शुभम सिंह चौहान संवाददाता




लखनऊ।बंथरा थाना पुलिस द्वारा मिशन शक्ति अभियान के तहत क्षेत्र में महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक करने के उद्देश्य से विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस टीम ने गांव-गांव पहुंचकर महिलाओं को उनकी सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान पुलिसकर्मियों ने बताया कि किसी भी आपात स्थिति में महिलाएं 1090 (महिला हेल्पलाइन), 112 (आपातकालीन सेवा) और 181 (महिला हेल्पलाइन) पर तुरंत संपर्क कर सकती हैं। इसके साथ ही उन्हें आत्मरक्षा के प्रति सजग रहने और किसी भी प्रकार की समस्या होने पर बिना झिझक पुलिस से संपर्क करने के लिए प्रेरित किया गया। पुलिस द्वारा बताया गया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को सशक्त बनाना तथा उन्हें उनके अधिकारों और सुरक्षा के प्रति जागरूक करना है। साथ ही यह भी आश्वासन दिया गया कि महिलाओं की सुरक्षा के लिए पुलिस हर समय तत्पर है। स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के जागरूकता अभियान समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# बुद्ध पूर्णिमा पर भव्य आयोजन, शांति और भाईचारे का दिया संदेश

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। माल इलाके की ग्राम पंचायत बहरौरा के मजरा मगरौरा में बुद्ध पूर्णिमा का पावन पर्व बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया।इस अवसर पर ग्रामवासियों और क्षेत्रवासियों ने मिलकर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें भारी संख्या में लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम में बहुजन समाज पार्टी के युवा नेता नरेंद्र कुमार गौतम अपने समर्थकों के साथ शामिल हुए।उनका ग्रामीणों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। यह आयोजन राजेंद्र गौतम के निवास पर संपन्न हुआ, जहां क्षेत्र के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।कार्यक्रम में कमलेश गौतम, दुर्गेश कुमार, कैलाश गौतम, धर्मवीर गौतम, राहुल, चंदन, राज बौद्ध, अजीज हसन समेत अन्य लोगों की सक्रिय भागीदारी रही। पूरे कार्यक्रम के दौरान भगवान बुद्ध के उपदेशों को याद किया गया और लोगों को शांति, अहिंसा, आपसी भाईचारे और सद्भाव का संदेश दिया गया। आयोजकों ने बताया कि ऐसे कार्यक्रम समाज में एकता और जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## वर्टिकल व्यवस्था लागू होने के बाद सरोजनीनगर क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति चरमराई

**उपभोक्ताओं का आरोप, संबंधित अधिकारी पूरी तरह लापरवाह**

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ।बिजली विभाग में वर्टिकल व्यवस्था लागू होने के बाद सरोजनी नगर, बंथरा, हरौनी और बिजनौर क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति की स्थिति चरमरा गई है। उपभोक्ताओं का आरोप है कि संबंधित अधिकारी पूरी तरह लापरवाह बने हुए हैं, जिससे आए दिन अघोषित बिजली कटौती झेलनी पड़ रही है। ताजा मामला गहरू पावर हाउस से जुड़े रसूलपुर फीडर का है, जहां गुरुवार रात करीब 9 बजे से शुक्रवार सुबह 8 बजे तक लगभग 11 घंटे बिजली आपूर्ति ठप रही। इसके चलते रसूलपुर, हसन खेड़ा समेत दर्जनों गांव अंधेरे में डूबे रहे। भीषण गर्मी में बिजली न होने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा, वहीं पानी की आपूर्ति भी बाधित रही।बताया जा रहा है कि तेज आंधी के कारण 11000 वोल्ट लाइन पर पेड़ की डाल गिर गई थी, जिससे सप्लाई बाधित हुई। उपभोक्ताओं ने कई बार एसडीओ, अवर अभियंता और लाइनमैन को फोन किया, लेकिन किसी ने कॉल रिसीव नहीं किया। सुबह कर्मियों द्वारा डाल हटाने के बाद आपूर्ति बहाल हो सकी।स्थानीय लोगों का कहना है कि जर्जर तारों के सहारे फीडर चल रहा है और विभागीय अधिकारी समस्याओं के समाधान में गंभीरता नहीं दिखा रहे हैं।इससे उपभोक्ताओं में भारी आक्रोश व्याप्त है।

# धूमधाम से मनायी गयी बुद्ध पूर्णिमा, विशेष प्रार्थना संग बंटी खीर

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ।शांति, तप और ज्ञान के अग्रदूत भगवान गौतम बुद्ध की जयंती गुरुवार को शहर में पूरे उत्साह और धूमधाम से मनाई गई।विभिन्न संगठनों की तरफ से जगह-जगह कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान प्रार्थना, पूजन सभाओं के आयोजन के साथ ही शोभा यात्राएं निकाली गईं। इसके साथ ही भगवान बुद्ध के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लेते हुए हिंसा, चोरी, व्यभिचार, असत्य और नशे से दूर रहने का संकल्प लिया गया। भारतीय बौद्ध समिति ने लालकुआं स्थित रिसालदार पार्क में त्रिविधि पावनी वैशाख पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन किया।सामूहिक बुद्ध वंदना से शुरू हुए कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अनुयायी शामिल हुए।इसके बाद धम्म देशना, भिक्षु संघ को भोजनदान आदि हुआ। महाबोधि सोसाइटी ऑफ इंडिया लखनऊ केन्द्र द्वारा त्रिविध पावनी वैशाख पूर्णिमा को संपूर्ण विश्व में शांति, करूणा एंव मैत्री का संदेश प्रवर्तित करने वाले महाकारूणिक तथागत गौतम बुद्ध की जयंती रिसालदार पार्क बुद्ध विहार, में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भन्ते ज्ञानालोक विहाराध्यक्ष ने त्रिशरण पंचशील व बुद्ध वन्दना कराई।जिसमें दूर-दूर से आए बौद्ध धर्म के हजारों उपासकों ने यहां धम्मसभा में भाग लिया। साथ ही भंडारे तथा खीर वितरण किया गया।इस बुद्ध विहार की ऐतिहासिकता पर प्रकाश डालते हुए स्थानीय प्रबंधन समिति के सचिव जय शंकर सहाय द्वारा बताया गया कि महास्थाविर बोधानंद ने 1925 में इस बुद्ध विहार की स्थापना की थी।उन्होंने अपनी वसीयत द्वारा इस बुद्ध विहार, इस विहार में स्थित अनुसंधान पुस्तकालय तथा भारतीय बौद्ध समिति को महाबोधि सोसाइटी ऑफ इंडिया के धम्म प्रचार के कार्यों से प्रभावित होकर दान में दे दिया। उनकी मृत्यु के बाद महाबोधि सोसाइटी द्वारा उनके शिष्य भिक्खु जी प्रज्ञानंद को इस बुद्ध विहार का विहाराध्यक्ष बनाया गया। जी प्रज्ञानंद भारतीय संविधान निमार्ता बाबासाहब आंबेडकर को बौद्ध धर्म में दीक्षित करने वाले भिक्खुओं में से एक थे।बाबासाहेब लखनऊ आगमन पर यहां अवश्य आते थे। 2017 में जी प्रज्ञानंद की मृत्य के बाद उ.प्र. सरकार ने राजकीय सम्मान के साथ बौद्ध रीति से उनका अंतिम संस्कार किया था।

## संक्षेप

### बुद्ध पूर्णिमा स्नान को लेकर गंगा तट पर उमड़ी आस्था की भीड़

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। तहसील पाटन क्षेत्र में स्थित पतित पावनी गंगा मां ग्राम डौंडिया खेड़ा बक्सर से होकर निकली है बुद्ध पूर्णिमा पर्व पर शुक्रवार को भोर पहर से हजारों की संख्या में महिलाएं पुरुष बुजुर्ग बच्चों ने पतित पावनी गंगा मां में डुबकी लगाई यह क्रम दिन भर चलता रहा गंगा के तट पर बना सिद्ध पीठ प्रसिद्ध मां चंद्रिका देवी मंदिर में विराजमान मां अंबिका व चंडिका देवी सहित पास में ही बने शिव मंदिर बजरंगबली मंदिर सहित समस्त मंदिरों में दिनभर हवन पूजन भंडारे चलते रहे कुछ लोगों ने मुंडन छेदन सहित अन्य कार्यक्रम भी करवाते रहे बैंड बाजा सहित अन्य संगीत की धुन दिन भर बजती रही पुलिस प्रशासन तहसील प्रशासन भी बुद्ध पूर्णिमा स्नान को देखते हुए दिन भर चौकसी बरते रहे गंगा स्नान के लिए उन्नाव रायबरेली लखनऊ कानपुर फतेपुर सहित अन्य जिलों से लोग आते हैं।

### मार्ग दुर्घटना में भाजपा महिला मंडल अध्यक्ष घायल

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के अतहा गांव निवासी भाजपा महिला मंडल अध्यक्ष सुलोचना सिंह बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गईं। सुलोचना सिंह अपने गांव अतहा से गांव के ही सहयोगी रामलखन के साथ बाइक से शुक्रवार को सफीपुर मुख्यालय आ रही थीं। इसी दौरान शेरपुर गांव के पास जर्जर मार्ग के कारण बाइक अनियंत्रित हो गई और वह गिर पड़ीं, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं।घटना के बाद उन्हें तत्काल सीएचसी सफीपुर में भर्ती कराया गया।हादसे की सूचना पर विधायक बम्बालाल दिवाकर, विधानसभा मीडिया प्रभारी अनुराधा सिंह और राजू चौहान अस्पताल पहुंचे तथा उनका हालचाल जाना। साथ ही चिकित्सकों को बेहतर उपचार के निर्देश दिए।चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

### नातिन हुई लापता बाबा ने दर्ज कराया मुकदमा

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बारासगवर अंतर्गत नातिन को भगा ले जाने पर बाबा द्वारा तहरीर दिए जाने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर खोजबीन शुरू कर दी है।थाना क्षेत्र के एक गाँव से लड़की के बाबा ने तहरीर देते हुए बताया कि बुधवार शुबह उसकी 19 वर्षीय नातिन को अंकित उर्फ समीर व मयंक कुमार बहला फुसला कर कही भगा ले गए हैं। बाबा ने अपनी नातिन की जान माल की हानि की आशंका ब्यक्त की है। थाना प्रभारी धर्मेंद्र नाथ मिश्रा ने बताया तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## नवीन मंडी परिसर का किया निरीक्षण मिली कई खामियां

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। नवीन मंडी परिसर में निरीक्षण के दौरान मंडी परिषद के डायरेक्टर इंद्र विक्रम सिंह को कई गंभीर खामियां मिलीं। उन्होंने व्यवस्थाओं पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाई और तत्काल सुधार के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सबसे बड़ी लापरवाही तब सामने आई जब मंडी परिसर में स्थित शौचालय पर ताला लटका मिला।इस पर डायरेक्टर इंद्र विक्रम सिंह ने गहरा असंतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि आम लोगों और व्यापारियों के लिए बुनियादी सुविधाओं का अभाव एक गंभीर मामला है और ऐसी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।मंडी की साफ-सफाई, अन्य व्यवस्थाएं और सुविधाएं भी संतोषजनक नहीं पाई गईं। डायरेक्टर ने मंडी अधिकारी एवं सचिव सुधीर कुमार सिंह को फटकार लगाते हुए तत्काल सुधार के निर्देश दिए।उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही व्यवस्थाओं में सुधार नहीं हुआ तो सख्त प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी।डायरेक्टर ने जोर देकर कहा कि जिम्मेदार अधिकारियों का कर्तव्य है कि वे मंडी परिसर को व्यवस्थित, स्वच्छ और सुचारु बनाए रखें, ताकि किसानों और व्यापारियों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने अधिकारियों को सभी कमियों को प्राथमिकता के आधार पर दूर करने और नियमित रूप से निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने का निर्देश दिया। इस संबंध में मंडी सचिव सुधीर कुमार सिंह ने अपनी सफाई में कहा कि पाई गई सभी कमियों को जल्द ही दूर कर लिया जाएगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि शौचालय सहित अन्य व्यवस्थाओं को शीघ्र ही दुरुस्त कराया जाएगा और भविष्य में ऐसी स्थिति दोबारा नहीं बनने दी जाएगी। डायरेक्टर के इस निरीक्षण के बाद मंडी प्रशासन में हलचल तेज हो गई है। संबंधित अधिकारी व्यवस्थाओं को सुधारने में जुट गए हैं। अब देखना यह होगा कि डायरेक्टर की सख्ती के बाद मंडी परिसर की स्थिति में कितना सुधार आता है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत, एक घायल

अमन लेखनी समाचार

बाबागंज, बहराइच। जिले के रूपईडीहा थाना क्षेत्र में हुई एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हुए युवक ने नानपारा स्थिति सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज हेतु जाते समय रास्ते में ही दम तोड़ दिया।मृतक के परिजनों की तहरीर पर रूपईडीहा पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना रूपईडीहा के ग्राम तुलसीपुर (मधुवन) मोटर साईकिल से बीती रात्रि घर लौटते समय श्रीरमेश चंद इंटर कॉलेज शांतिनगर कबिराजगांव (कलवारी) नेशनल हाईवे के पास अज्ञात वाहन नें टक्कर मर दिया। जिससे बाइक सवार दो लोगों गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस नें घायलों कों सीएचसी नानपारा में भर्ती कराया गया जहाँ सोनू सोनकर पुत्र बंशीलाल उम्र लगभग 23 वर्ष नें दम तोड़ दिया।जबकि दूसरा व्यक्ति का इलाज जारी है।

## चारपाई पर लेटे वृद्ध को कार ने मारी टक्कर इलाज के दौरान मौत

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। बारा सगवर के गाँव पृथ्वी खेडा में घर के बाहर पेड़ की छांव में चारपाई डाल आराम कर रहे सिद्धि नाथ पुत्र गयाप्रसाद 60 को अनियंत्रित कार ने रौंद दिया । गंभीर रूप से घायल बुजुर्ग को सौ बेड शैय्या बीघापुर ले जाया गया जहा उपचार दौरान मौत हो गयी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के बैगुलाल खेडा में ओम प्रकाश साहू की बिटिया की शादी थी ।बारात में कानपुर से कुछ रिश्तेदार आये थे। शुक्रवार को बारात विदा होने के उपरांत कार से वापस कानपुर जाते समय कार की गति अधिक होने के कारण अनियंत्रित होकर परौरी के मजरे पृथ्वी खेडा निवासी बुजुर्ग सिद्धिनाथ को रौंदते हुए पेड़ से जा टकरायी।जिससे सिद्धिनाथ बुरी तरह से घायल हो गए। कार का हिस्सा भी क्षतिग्रस्त हो गया है।घायल बुजुर्ग को सौ बेड बीघापुर ले जाया गया है। उपचार दौरान उनकी मौत हो गयी।दिवंगत के एक विवाहित पुत्र उदयराज व विवाहित पुत्री कोमल है। पत्नी रेखा अपने पति की अकाल मौत देख बेसुध हुए जा रही है। थाना प्रभारी धर्मेंद्र नाथ मिश्रा ने बताया शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम हेतु भेजा जा रहा है। कार चालक व कार को हिरासत में ले लिया गया है।परिजनों ने अभी तहरीर नही दी है। अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

## महिला ने पड़ोसी युवक पर लगाया छेड़ छाड़ करने का आरोप

अमन लेखनी समाचार




हसनगंज, उन्नाव।कोतवाली क्षेत्र के मोहान कस्बे के एक मोहल्ले की निवासी महिला ने पड़ोस के युवक पर छेड़छाड़ का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि 5 मार्च को दोपहर एक बजे वह घर से कूड़ा फेंकने जा रही थी। इसी दौरान मोहल्ले का ही युवक उसे जबरन पकड़कर पास के बाग में खींच ले गया और उसके साथ अशोभनीय हरकतें करने लगा।महिला के अनुसार, विरोध करने पर भी युवक नहीं माना और उसके नाजुक अंगों को जबरन छूने लगा।चिल्लाने पर पड़ोस के ही दो लोगों को आते देख युवक कही शिकायत की तो जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकला। महिला ने आरोप लगाया कि शिकायत के बाद भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की।कार्रवाई न होने से महिला ने 20 अप्रैल को पुलिस अधीक्षक (एसपी) को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।कोतवाल शरद कुमार ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है जांच कर कार्यवाही की जा रही है।

## विद्युत समस्या को लेकर भाजपा कार्यालय पर लगा निस्तारण कैंप

अमन लेखनी समाचार



सफीपुर, उन्नाव।स्थानीय भाजपा कार्यालय पर शुक्रवार को विधायक बम्बालाल दिवाकर की मौजूदगी में उपभोक्ताओं की विद्युत समस्या निस्तारण कैंप का आयोजन किया गया।कस्बा और क्षेत्र से आए सैकड़ों लोगों ने अपनी समस्याएं रखी। समस्याओं के निस्तारण के लिए 15 दिन का समय दिया गया। क्षेत्र के ब्रह्मना,सालेहनगर करौंदी ,मिजार्पुर ,न्यामतपुर,पहली खेड़ा और कस्बे की सबसे अधिक समस्याएं रही जिसमें एक माह से अधिक समय से बाधित आपूर्ति और लो वोल्टेज की समस्या से लोग ग्रस्त थे।वहीं स्मार्ट मीटर लगने के बाद अधिक बिल आने की शिकायतों की भरमार रही।कस्बे के आदर्श और अंशू देवी ने स्मार्ट मीटर लगने के बाद 60से 66 हजार का बिल आने की शिकायत की,कस्बे की ही मजबूत अली ने विद्युत कर्मियों पर मीटर और केबल उतार के जाने का आरोप लगाया।मिजार्पुर गांव के विजय सिंह ने पेड़ों के बीच से एचटी लाइन के आए दिन टूट कर गिरने से आपूर्ति बाधित होने और लो वोल्टेज की समस्या दूर करने की शिकायत की।ब्रह्मना और सालेहनगर के आधा सैकड़ा ग्रामीणों ने 100 केवीए ट्रांसफार्मर पर 500 कनेक्शन होने से आए दिन ट्रांसफार्मर फूंकने से आपूर्ति न मिलने की शिकायत की।जिसपर विधायक बम्बालाल दिवाकर ने दोनों गांवों के ट्रांसफार्मर अलग अलग करने के निर्देश दिए।विधायक ने कहा कि घरेलू कनेक्शन बिना किसी पूर्व सूचना के न काटे जाएं।जिन गांवों में आपूर्ति ध्वस्त पड़ी है या फिर लो वोल्टेज की समस्या है उसे शीघ्र दूर किया जाय। उपभोक्ताओं को 15 दिन में समस्या निस्तारण का आश्वासन दिया गया।विधायक ने बताया एक गांव से एक ही प्रकार की अनेक शिकायतें मिली है।इस दौरान अधीक्षण अभियंता अमिय कुमार सिंह,एक्सईएन बांगरमऊ राजनाथ यादव,हसनगंज अनिल तिवारी,एसडीओ सफीपुर एजाज अहमद,हसनगंज सूर्य प्रकाश,मियागंज धर्मेंद्र कुमार,रुद्रप्रताप सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजुद रहे।

## मेधावी छात्राओं को किया गया सम्मानित

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। भगवंतनगर स्थित लाल बहादुर पब्लिक इंटर कॉलेज में मेधावी छात्र सम्मान समारोह में प्रत्येक कक्षा के प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त एवं बोर्ड परीक्षा 2026 के हाई स्कूल एवं इन्टरमीडिएट के शीर्ष दस स्थान प्राप्त बच्चों को सम्मानित किया गया विद्यालय की 12 वी की छात्रा जिया चौधरी ने जनपद में नौवां स्थान प्राप्त करके विद्यालय को गौरवान्वित किया है नए शैक्षिक सत्र के शुभारंभ की शुभ कामनाओं एवं सत्र पर्यन्त अथक परिश्रम एवं सहयोग के फल स्वरूप विद्यालय के समस्त अध्यापक ,अध्यापिकाओं को भी सम्मानित किया गया विद्यालय के पूर्व प्रबंधक स्मृतिशेष राघवेन्द्र सिंह ( पुतान ) की स्मृति में बच्चों को तकनीकी शिक्षा से जोड़ने की दृष्टिकोण से कंप्यूटर लैब का उद्घाटन कर बच्चों को समर्पित किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी अजीत शुक्ला, राष्ट्रपति पुरूस्कार प्राप्त शिक्षक आनंद मोहन द्विवेदी रहे मुख्य वक़्ता शरद मिश्रा रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत्त शिक्षक शिवनाथ सिंह ने की कार्यक्रम उपरान्त आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए विद्यालय प्रबंधक शुभांशू सिंह ( रुद्र ) ने समस्त आगंतुकों व छात्र- छात्राओं को शुभकामनाएँ प्रेषित की

## भीषण सड़क दुर्घटना का दर्ज हुआ मुकदमा

अमन लेखनी समाचार




सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बिहार अन्तर्गत बुधवार को हुए भीषण सड़क दुर्घटना में तहरीर दिए जाने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

थाना मौरावां के पठई निवासी नरेंद्र बहादुर सिंह पुत्र भगवती सिंह ने थाना बिहार को तहरीर देते हुए बताया कि उसकी पत्नी गीता देवी, सुनीता देवी पत्नी योगेंद्र कुमार सिंह, ज्योती देवी पत्नी रामप्रताप सिंह, सूरज सिंह पुत्र नरेंद्र बहादुर सिंह, बिटान सिंह पत्नी गुलाब सिंह व अर्चना बाजपेई पत्नी रजनीश बाजपेई मुंडन कार्यक्रम में शामिल होकर बक्सर से अपने ग्राम पठई बोलेरो संख्या वढ 35 ठ 6347 से वापस आ रही थीं। जिसे रामधनी पुत्र रामखेलावन चला रहा था। रास्ते में सराय मनिहार और सुमेरपुर के बीच स्थित खरही पुल के पास समय लगभग 10 बजे पीछे से आ रहे डंपर ट्रक संख्या वढ 71 ळ 9782 के चालक ने अत्यधिक तेजी व लापरवाही से चलाते हुए बोलेरो को पीछे से ओवेरटेक करते हुए जोरदार टक्कर मार दी। इस टक्कर के कारण बोलेरो अनियंत्रित होकर सामने से आ रहे डंपर ट्रक संख्या इफ 03 ऋउ 0838 से टकरा गई। इसी दौरान पीछे से टक्कर मारने वाला डंपर बोलेरो को रगड़ता हुआ उसके ऊपर पलट गया। इस भीषण दुर्घटना में प्रार्थी की पत्नी गीता देवी, सुनीता देवी पत्नी योगेंद्र कुमार सिंह ज्योती देवी पत्नी रामप्रताप सिंह, बिटान सिंह पत्नी स्०गुलाब सिंह व अर्चना बाजपेई पत्नी रजनीश बाजपेई के साथ साथ ड्राइवर रामधनी पुत्र रामखेलावन, समेत कुल छह लोगों की मृत्यु हो गई और पुत्र सूरज गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसका उपचार हैलट अस्पताल कानपुर मे चल रहा है। थाना प्रभारी राहुल सिंह ने बताया तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार शिक्षक की मौत

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव।सदर कोतवाली क्षेत्र में एक तेज रफ्तार वाहन ने बाइक सवार प्राथमिक विद्यालय के एक शिक्षक को टक्कर मार दी। हादसे में शिक्षक गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। और अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है। घटना की सूचना मिलते ही मृतक के परिवार में शोक छा गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार, कोतवाली थाना क्षेत्र के पी डी नगर निवासी 58 वर्षीय सर्वेश कुमार वर्मा पुत्र स्वर्गीय सयन दास वर्मा पेशे से सरकारी शिक्षक थे। वह शहर में सर सैय्यद स्कूल के पास स्थित एक प्राथमिक विद्यालय में कार्यरत थे।बताया जा रहा है कि सर्वेश कुमार अपनी बाइक पर सवार होकर किसी आवश्यक कार्य से निकले थे। इसी दौरान मार्ग में किसी बेलगाम और तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि सर्वेश कुमार वर्मा बाइक समेत सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए।हादसे के बाद मौके पर राहगीरों और स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें लहूलुहान हालत में तुरंत नजदीकी पानेशिया हॉस्पिटल ले जाया गया। अस्पताल में डॉक्टरों की टीम ने तत्काल उनका सघन इलाज शुरू किया, लेकिन शरीर पर आई गहरी चोटों के कारण इलाज के दौरान ही सर्वेश कुमार वर्मा की मृत्यु हो गई। अस्पताल प्रशासन की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना का जायजा लिया और शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। मृतक शिक्षक सर्वेश कुमार वर्मा के परिवार में उनका 16 वर्षीय बेटा ऋषि उर्फ पीयूष वर्मा है।

## डंपर ने बाइक सवार युवक को मारी टक्कर मौत

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। एक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की जान चली गई। यह घटना बीती रात करीब 8 बजे जनपद उन्नाव के थाना कोतवाली क्षेत्र में मद्दी खेड़ा चौकी के पास हुई। मृतक की पहचान 30 वर्षीय पृथ्वी पाल के रूप में हुई है।बक्खा खेड़ा मजरा हुसैन नगर निवासी पृथ्वी पाल पुत्र मोहन लाल अपनी बाइक से ससुराल चांदपुर गजौली जा रहे थे। तभी रास्ते में एक तेज रफ्तार डंफर ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि पृथ्वी पाल की मौके पर ही मौत हो गई।सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और डंफर चालक की तलाश में जुटी है।पृथ्वी पाल मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। उनके परिवार में उनकी पत्नी और महज 2 महीने का एक बेटा है। बताया जा रहा है कि उनकी शादी करीब 9 साल पहले हुई थी। इस घटना के बाद परिवार में शोक का माहौल है।

## जमीनी विवाद को लेकर कलयुगी पुत्र ने पिता को उतारा मौत के घाट

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। सोहरामऊ थाना क्षेत्र के एक गांव में गुरुवार रात पारिवारिक विवाद के चलते एक बेटे ने अपने पिता की चापड़ से काटकर हत्या कर दी। यह घटना जमीन बेचने को लेकर हुए विवाद के बाद हुई। बगहा मुस्तफाबाद निवासी 53 वर्षीय गंगाप्रसाद के चार बेटों में से दूसरे नंबर का बेटा धर्मेंद्र कुमार (35) आरोपी है।जानकारी के अनुसार, गंगाप्रसाद अपनी जमीन बेचना चाहते थे, जिसका धर्मेंद्र विरोध कर रहा था।इसी बात को लेकर पिता-पुत्र के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। ग्रामीणों के मुताबिक, गुरुवार देर रात दोनों के बीच कहासुनी हुई, जिसके बाद धर्मेंद्र ने चापड़ से गंगाप्रसाद पर हमला कर दिया। हमले में गंगाप्रसाद की गर्दन पर गंभीर चोट आई और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही सोहरामऊ थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आरोपी बेटे धर्मेंद्र की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमों का गठन कर तलाश शुरू कर दी गई है।सोहरामऊ इंस्पेक्टर अरविंद पांडेय ने बताया कि यह मामला जमीन विवाद से संबंधित प्रतीत होता है। पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है और गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात किया गया है।

## पिपरिया में तेंदुए की दहशत, ग्रामीणों का प्रदर्शन

अमन लेखनी समाचार



शिवपुर, बहराइच। बहराइच जिले के खैरीघाट थाना क्षेत्र स्थित पिपरिया ग्राम पंचायत में पिछले कई दिनों से तेंदुए का आतंक बना हुआ है। ग्रामीणों ने शावकों के साथ तेंदुए को कई बार देखने का दावा किया है, और हाल ही में तेंदुए के हमले में एक बच्ची भी घायल हो गई थी। वन विभाग की निष्क्रियता से आक्रोशित ग्रामीणों ने गुरुवार सुबह प्रदर्शन किया।ग्रामीणों के अनुसार, तेंदुए की दहशत कई दिनों से बरकरार है। उन्होंने वन रेंज नानपारा के कर्मचारियों को सूचित किया था, जिसके बाद वन विभाग की टीम ने तलाशी अभियान शुरू किया। हालांकि, तेंदुआ अभी भी उनकी पकड़ से बाहर है, जिससे ग्रामीणों में भारी गुस्सा है।गुरुवार सुबह ग्रामीणों ने तेंदुए को देखे जाने की बात पर लाठी-डंडे लेकर दर्जनों की संख्या में इकट्ठा होकर प्रदर्शन किया। उनका आरोप है कि वन विभाग इस मामले में कोई ठोस पहल नहीं कर रहा है। इस दहशत के कारण बच्चे न तो स्कूल जा पा रहे हैं और न ही खेलने के लिए घर से बाहर निकल पा रहे हैं।ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि वन विभाग ने जल्द ही कोई ठोस कार्रवाई नहीं की, तो वे अपने तरीके से तेंदुए को पकड़ने के लिए मजबूर हो जाएंगे।इस संबंध में नानपारा के रेंजर ने बताया कि क्षेत्र में पिंजरा लगाया गया है और तलाशी अभियान जारी है। उन्होंने ग्रामीणों से सहयोग की अपेक्षा करते हुए कहा कि जल्द ही तेंदुआ वन विभाग की गिरफ्त में होगा।

## सपा सचिव कुलदीप भुल्लर का भाजपा पर हमला

### बोले- सिख समाज 10 साल से ठगा महसूस कर रहा, सत्ता परिवर्तन कर सपा की सरकार बनाएगा

अमन लेखनी समाचार



शाहजहांपुर , समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव कुलदीप सिंह भुल्लर का शाहजहांपुर पहुंचने पर सपाइयों ने स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने मीडिया से बात करते हुए भाजपा पर निशाना साधा। भुल्लर ने कहा कि पिछले दस साल से सिख समाज खुद को ठगा महसूस कर रहा है और अब सत्ता परिवर्तन कर सपा की सरकार बनाएगा। सपा राष्ट्रीय सचिव ने शाहजहांपुर के मंत्री के उस बयान का जिक्र किया, जिसमें उन्होंने सभी विस्थापित लोगों को मालिकाना हक देने की बात कही थी। भुल्लर ने बताया कि कुछ समाज के लोगों को ही पट्टे मिले हैं। उन्होंने आदेश की कॉपी मुहैया कराने की मांग की, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि मालिकाना हक सबको दिया गया है या सिर्फ कुछ लोगों को। भुल्लर ने अपनी बात रखते हुए कहा कि उनके समाज के पास सत्तर साल से जमीन पर कब्जा है,लेकिन उन्हें मालिकाना हक नहीं मिल रहा है।उन्होंने मांग की कि जिन लोगों के पास पचास साल से जमीन का कब्जा है,उन्हें मालिकाना हक दिया जाए। उन्होंने भाजपा पर सिख समाज का हितैषी होने का दावा करने पर भी सवाल उठाए। कुलदीप सिंह भुल्लर ने बताया कि छह अप्रैल को पीलीभीत से शुरू हुई सिख यात्रा कई जिलों से होकर शाहजहांपुर पहुंची है।उन्होंने कहा कि सैकड़ों लोग इस सामाजिक न्याय यात्रा से जुड़ रहे हैं। भुल्लर ने दावा किया कि समाजवादी पार्टी को पहली बार इतना समर्थन मिल रहा है,क्योंकि सिख समाज पिछले दस साल से खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार की ऐसी कोई योजना या देन नहीं है,जिससे सिख समाज यह कह सके कि सरकार ने उन्हें कुछ दिया है। उन्होंने सरकार की केवल दो उपलब्धियां बताईं: गुरु ग्रंथ महाराज जी को सिर पर उठाना और गुरु तेग बहादुर जी का शहादत दिवस मनाना। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सिखों को गलत इतिहास बताकर और मुस्लिम समाज के खिलाफ भड़काकर उनके वोट हासिल करती है।भुल्लर ने स्पष्ट किया कि सिखों ने हमेशा जुर्म के खिलाफ लड़ाई लड़ी है,न कि धर्म के खिलाफ।उन्होंने भाजपा पर नफरत की राजनीति करने का आरोप लगाया और देश की आजादी में सिख समाज के बड़े योगदान को भी रेखांकित किया।

## सम्पादकीय

# धार्मिक कट्टरता समाज के लिए गंभीर चुनौती

देश के सामने आतंक और कट्टरता का चेहरा तेजी से बदल रहा है। जो खतरा कभी सीमित इलाकों, खासकर जम्मू-कश्मीर तक माना जाता था, वह अब महानगरों तक फैलता नजर आ रहा है। मुंबई की हालिया घटना ने साफ कर दिया है कि 'लोन वुल्फ' हमले, डिजिटल प्लेटफॉर्म पर पनपती कट्टर सोच और धर्म के नाम पर हिंसा अब हर शहर के लिए चुनौती बन चुके हैं। संगठित नेटवर्क से हटकर जब व्यक्ति खुद ही विचारधारा को हथियार बना ले, तो यह साइलेंट आतंक और भी खतरनाक हो जाता है। मुंबई के मीरा रोड इलाके में दो सिक्योरिटी गाड्र्स पर धर्म पूछकर किया गया हमला इसी बदलते खतरे का उदाहरण है। बताया जा रहा है कि हमलावर 31 साल का जैब जुबेर अंसारी अंडर कंस्ट्रक्शन बिल्डिंग के पास दो सिक्योरिटी गार्ड, राजकुमार मिश्रा और सुब्रतो रमेश सेन के पास पहुंचा और मस्जिद का रास्ता पूछा। कुछ समय बाद वह दोबारा लौटा। इसके बाद एक गार्ड से धर्म पूछने के बाद अचानक चाकू से हमला कर दिया। इसके बाद वह कैबिन में घुसा और दूसरे गार्ड से कलमा पढ़ने को कहा। जब गार्ड ऐसा नहीं कर पाया, तो उस पर भी हमला कर दिया। पिछले साल जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में भी आतंकियों ने पर्यटकों से धर्म पूछकर हमला किया था। इस हमले में 26 लोग मारे गए थे। वहीं, धर्मांतरण के मामले महाराष्ट्र के अमरावती और नासिक में भी सामने आए हैं। नासिक के टीसीएस उत्पीड़न मामले में मुख्य आरोपी निदा खान ने महिला कर्मचारी पर धर्म परिवर्तन का दबाव बनाया था। पीड़ित के मोबाइल में ऐसे ऐप्स भी इंस्टॉल कराए गए, जिससे उसे धर्म परिवर्तन के लिए उकसाया जा सके। अमरावती में भी करीब 180 लड़कियों के वीडियो बनाकर धर्म परिवर्तन के लिए मजबूर करने का मामला सामने आया है। ये घटनाएं केवल एक आपराधिक वारदात नहीं, बल्कि उस मानसिकता की झलक हैं, जिसमें धर्म को पहचान और हिंसा का औजार बना दिया जाता है। पहलगाम जैसे हमले इस बात का संकेत रहे हैं कि कट्टरता जब चरम पर पहुंचती है तो वह इंसानियत की हर सीमा पार कर जाती है। हालांकि, इस मुद्दे पर एक जरूरी सावधानी भी उतनी ही अहम है। अलग-अलग घटनाओं को जोड़कर पूरे समाज या किसी एक समुदाय के खिलाफ निष्कर्ष निकालना न केवल गलत है, बल्कि खतरनाक भी हो सकता है। कानून का सिद्धांत स्पष्ट है। अपराधी व्यक्ति होता है, समुदाय नहीं। यदि हम इस रेखा को पार करते हैं, तो हम अनजाने में उसी विभाजनकारी सोच को बढ़ावा देते हैं, जिसके खिलाफ हमें खड़ा होना चाहिए। कट्टरता का असली चेहरा धर्म नहीं, बल्कि विकृत सोच है। यह सोच इंटरनेट, सोशल मीडिया और बंद मानसिकता के जरिए फैलती है। यही कारण है कि "लोन वुल्फ" हमले आज सुरक्षा एजेंसियों के लिए सबसे बड़ी चुनौती बनते जा रहे हैं। क्योंकि इनका कोई स्पष्ट नेटवर्क नहीं होता, न ही कोई पूर्व चेतावनी। अब सवाल यह है कि इससे निपटा कैसे जाए? जवाब केवल सख्ती में नहीं, बल्कि संतुलित रणनीति में है। सुरक्षा एजेंसियों को डिजिटल निगरानी, खुफिया तंत्र और त्वरित कार्रवाई को मजबूत करना होगा, वहीं समाज को भी अपनी भूमिका निभानी होगी। परिवार, शिक्षा व्यवस्था और सामाजिक संस्थाओं को युवाओं को सही दिशा देने, संवाद बढ़ाने और कट्टर विचारधाराओं से बचाने की जिम्मेदारी उठानी होगी। सख्त कानून, सतर्क समाज और संतुलित सोच इन्हीं तीन स्तंभों पर इस चुनौती का समाधान टिका है। तभी हम एक सुरक्षित, समावेशी और मजबूत समाज की दिशा में आगे बढ़ सकते हैं।



पर्यावरण

निरंजन देव भारद्वाज

# देश में जलवायु आपातकाल की दस्तक

> देश के विशाल भूभाग पर सूरज का कहर इस कदर टूट रहा है कि दुनिया के 100 सबसे गर्म शहरों की सूची में से 95 अकेले भारत के हैं। दिल्ली की तपती सड़कों से लेकर ओडिशा के तटीय उमस तक, पारा 45-47 डिग्री सेल्सियस के स्तर को चुनौती दे रहा है। यह अब केवल 'लू' या मौसम का सामान्य बदलाव नहीं है; यह उस पारिस्थितिक असंतुलन का चरम विस्फोट है, जिसे हमने दशकों तक प्रगति के शोर में अनदेखा किया। आज भारत की झुलसाती हवाएं चीख-चीख कर कह रही हैं कि हम जलवायु परिवर्तन के किसी भविष्य की आशंका में नहीं, बल्कि उसके एक अत्यंत क्रूर और जानलेवा वर्तमान के बीच खड़े हैं। हकीकत यह है कि यह तापीय संकट अब सीधे जीवन-हानि में बदल चुका है।

अप्रैल का यह महीना भारत के लिए केवल एक कैलेंडर का पन्ना नहीं, बल्कि एक अस्तित्वगत संकट की गूंज बन गया है। देश के विशाल भूभाग पर सूरज का कहर इस कदर टूट रहा है कि दुनिया के 100 सबसे गर्म शहरों की सूची में से 95 अकेले भारत के हैं। दिल्ली की तपती सड़कों से लेकर ओडिशा के तटीय उमस तक, पारा 45-47 डिग्री सेल्सियस के स्तर को चुनौती दे रहा है। यह अब केवल 'लू' या मौसम का सामान्य बदलाव नहीं है; यह उस पारिस्थितिक असंतुलन का चरम विस्फोट है, जिसे हमने दशकों तक प्रगति के शोर में अनदेखा किया। आज भारत की झुलसाती हवाएं चीख-चीख कर कह रही हैं कि हम जलवायु परिवर्तन के किसी भविष्य की आशंका में नहीं, बल्कि उसके एक अत्यंत क्रूर और जानलेवा वर्तमान के बीच खड़े हैं। इसी "वर्तमान" की सबसे कठोर हकीकत यह है कि यह तापीय संकट अब सीधे जीवन-हानि में बदल चुका है। हीटवेव आज भारत की सबसे घातक प्राकृतिक आपदाओं में शामिल हो चुकी है, जिसके चलते 2010 के बाद से अब तक 46,000 से अधिक संदिग्ध मौतें दर्ज की गई हैं। इस भीषण गर्मी का सबसे अधिक प्रभाव उन श्रमिकों पर पड़ता है जो खुले वातावरण में निर्माण स्थलों, सड़कों और खेतों में काम करने को मजबूर हैं, जिससे उनकी आजीविका और स्वास्थ्य गंभीर रूप से प्रभावित होते हैं।

यह संकट हमारी आधुनिक जीवनशैली और प्रशासनिक प्राथमिकताओं पर एक कड़ा प्रहार है। जहां एक ओर सरकारी फाइलों में बढ़ते 'ग्रीन कवर' के आंकड़े हमें सुकून देने की कोशिश करते हैं, वहीं जमीन पर फैलते कंक्रीट के जंगलों ने हमारे शहरों को 'धधकते तंदूर' में तब्दील कर दिया है। यह आपदा समाज की गहरी आर्थिक खाई को भी उजागर करती है, जहां 'ठंडी हवा' अब एक बुनियादी अधिकार नहीं बल्कि अमीरों की विलासिता बन गई है। बहुसंख्यक आबादी इस तापीय अन्याय का शिकार होकर अपनी जान दांव पर लगा रही है। इस असामान्य गर्मी का सबसे गहरा असर केवल मौसम के आंकड़ों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सीधे आम जनजीवन, कृषि व्यवस्था और शहरी बुनियादी ढांचे पर दिखाई देने लगा है। दोपहर के समय सड़कों पर सन्नाटा, श्रमिकों की घटती कार्यक्षमता, पानी की बढ़ती मांग और बिजली की रिकॉर्ड खपत-ये सभी संकेत बताते हैं कि शहर और गांव दोनों ही इस तापीय दबाव के सामने असहज स्थिति में पहुंच चुके हैं। इस पृष्ठभूमि में वैश्विक तापवृद्धि और जलवायु परिवर्तन की भूमिका और भी स्पष्ट होकर सामने आती है। बढ़ते ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन, अनियंत्रित शहरीकरण और प्राकृतिक संसाधनों के अंधाधुंध दोहन ने वायुमंडलीय संतुलन को गहराई से प्रभावित किया है, जिसका सीधा परिणाम इस तरह की चरम मौसमीय घटनाओं के रूप में दिख रहा है। खेतों में खड़ी फसलें भी तेज गर्म हवाओं और नमी की कमी के कारण तनाव में हैं, जिससे आने वाले समय में खाद्य सुरक्षा पर भी प्रश्नचिह्न गहराता दिखाई देता है। यह स्थिति स्पष्ट करती है कि हीट वेव अब केवल "मौसम की घटना" नहीं, बल्कि एक गहरे होते जलवायु संकट का परिणाम है और इसके पीछे हमारी नीतिगत, व्यवहारिक और विकास संबंधी विफलताओं की भूमिका को समझना अब और भी आवश्यक हो गया है। भारतीय शहरों में गर्मी का बढ़ता



प्रकोप केवल बढ़ते तापमान का नतीजा नहीं है, बल्कि 'अर्बन हीट आइलैंड' (शहरी ऊष्मा द्वीप प्रभाव) के उस प्रभाव का परिणाम है जिसने महानगरों को जीते-जागते तंदूर में बदल दिया है। जब हम शहरों को कंक्रीट, डामर और कांच की ऊंची इमारतों से पाट देते हैं, तो ये सतहें दिन भर सूरज की गर्मी को सोखती हैं। जहां ग्रामीण इलाकों में पेड़ और मिट्टी वाष्पीकरण के जरिए खुद को ठंडा रखते हैं, वहीं हमारे शहर इस गर्मी को कैद कर लेते हैं। इसका सबसे भयावह असर रात के समय दिखता है, जब सूरज ढलने के बाद भी कंक्रीट की ये दीवारें और सड़कें उस कैद की गई गर्मी को धीरे-धीरे बाहर छोड़ती हैं, जिससे रात का तापमान भी सामान्य से ज्यादा बना रहता है। यह 'थर्मल ट्रैप' शहरवासियों को चौबीसों घंटे एक असहज अंगीठी में झोंक देता है।

विडंबना यह है कि इस तपिश को कम करने का प्राकृतिक समाधान यानी हमारे 'पेड़', विकास की अंधी दौड़ में सबसे पहले काटे जा रहे हैं। फ्लाईओवर्स, मेट्रो लाइन्स और चौड़ी सड़कों के नाम पर शहरों के उन पुराने और घने पेड़ों की बलि दी जा रही है जो दशकों से हमारे 'नेचुरल एयर कंडीशनर' का काम कर रहे थे। इसका सबसे ज्वलंत और दुखद उदाहरण नासिक में देखने को मिलता है, 250 साल पुराने बरगद और पीपल के पेड़ों पर कुल्हाड़ी चला दी गई। ये केवल पेड़ नहीं थे, बल्कि उस क्षेत्र की जैव-विविधता और शीतलता के संरक्षक थे। एक परिपक्व पेड़ अपने आसपास के वातावरण को 2 से 4 डिग्री तक ठंडा रख सकता है, लेकिन 'विकास' की कागजी योजनाएं अक्सर एक पुराने घने पेड़ के बदले दस नए छोटे पौधे लगाने का झांसा देती हैं। हकीकत यह है कि एक पुराना बरगद या पीपल का पेड़ जितना कार्बन सोखता है और ठंडक देता है, उसकी जगह ये नए छोटे पौधे अगले बीस साल तक नहीं ले सकते। जहां पहले घनी हरियाली लू के थपेड़ों को फिल्टर करती थी, अब वहां केवल कंक्रीट की सतहें हैं जो गर्मी को कई गुना बढ़ा देती हैं। यह केवल हरियाली का नुकसान नहीं है, बल्कि एक सुविचारित पर्यावरणीय आत्महत्या है। भारत की इस जलती हुई हकीकत को बदलने के लिए हमें अपनी रणनीतियों को कागजों से बाहर निकालना होगा। सबसे पहले, हमें 'हीट एक्शन प्लान' की बुनियादी खामियों को सुधारना होगा। वर्तमान में भारत के अधिकांश 'हीट एक्शन प्लान' केवल 'रिएक्टिव' हैं यानी वे केवल तापमान बढ़ने पर अलर्ट जारी करते हैं या पानी के स्टॉल लगवाते हैं। असल में, हमें 'प्रोएक्टिव' 'हीट एक्शन प्लान' की जरूरत है, जो सर्दी के मौसम से ही काम शुरू कर दे, जैसे कि सड़कों को सफेद रिफ्लेक्टिव पेंट से रंगना और शहरों में जल निकायों को पुनर्जीवित करना। 2026 की यह गर्मी हमें यह समझने पर मजबूर करती है कि केवल वाटर कूलर लगाने या रेड अलर्ट जारी करने से हम सुरक्षित नहीं होंगे। हमें भारत में भी 'हीटवेव' को 'अधिसूचित आपदा' घोषित करना होगा ताकि इसके समाधान के लिए कानूनी जवाबदेही तय हो सके। हमें नासिक और अरावली जैसी गलतियों से सीखना होगा कि पुराने पेड़ों को काटना भविष्य की पीढ़ियों की 'सांसों और शीतलता' की चोरी करने जैसा है।

अंततः, जिम्मेदारी केवल सरकार की नहीं है। एक नागरिक के रूप में हमें अपनी जीवनशैली और मतदान के मुद्दों में 'पर्यावरण' को प्राथमिकता देनी होगी। जब तक हम अपने घरों के सामने टाइल्स लगाने के बजाय मिट्टी और पेड़ को जगह नहीं देंगे, और जब तक हमारी नीतियां 'विकास' को 'विनाश' से अलग नहीं करेंगी, तब तक हम इसी तरह हर साल और भी भीषण अंगीठियों में झुलसते रहेंगे। समय रेत की तरह फिसल रहा है; या तो हम आज 'ग्रीन इंफ्रास्ट्रक्चर' में निवेश करें, या फिर कल एक जलते हुए भारत के लिए तैयार रहें।

नृत्य दिवस विशेष


श्वेता गोयल



# शब्दहीन भावों से विश्व को जोड़ने वाली शक्ति है नृत्य

मानव सभ्यता की सबसे पुरानी अभिव्यक्तियों में से एक है 'नृत्य'। जब शब्द अस्तित्व में नहीं थे, तब शरीर की गति ही संवाद का माध्यम थी। समय के साथ नृत्य ने भिन्न-भिन्न संस्कृतियों में अनेक रूप धारण किए और आज यह विश्वभर में एक जीवित कला के रूप में स्थापित है। नृत्य अब वैश्विक संदर्भ में केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं रहा, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य, शिक्षा, सामाजिक एकता और सांस्कृतिक कूटनीति का प्रभावी साधन बन चुका है। नवीनतम 'विश्व नृत्य रिपोर्ट' के अनुसार, वैश्विक स्तर पर नृत्य उद्योग का आकार 45 अरब डॉलर से अधिक पहुंच गया है। वर्चुअल नृत्य कार्यक्रमों में वर्ष 2020 के मुकाबले 2025 तक 60 प्रतिशत से अधिक वृद्धि हुई है। नृत्य चिकित्सा को अब मानसिक स्वास्थ्य उपचारों में सम्मिलित किया जा रहा है। अनेक देशों में चिकित्सक अवसाद, चिंता और सामाजिक अलगाव जैसी समस्याओं के उपचार में नृत्य आधारित विधियों का उपयोग किया जा रहा है। विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं ने भी नृत्य को शिक्षा के एक महत्वपूर्ण उपकरण के रूप में स्वीकार किया है, जिससे बच्चों में आत्मविश्वास, अनुशासन और सृजनात्मकता का विकास होता है। नृत्य की विविधता, उसकी समावेशिता और उसके सामाजिक महत्व का उत्सव मनाने के लिए प्रत्येक वर्ष 29 अप्रैल को 'अंतरराष्ट्रीय नृत्य दिवस' मनाया जाता है। यह दिवस नृत्य को एक साझा मानव धरोहर के रूप में प्रस्तुत करता है, जिसमें भौगोलिक सीमाओं, जाति, धर्म, भाषा या राजनीतिक विचारधाराओं की कोई बाधा नहीं होती। इस अवसर पर करीब 170 देशों में एक साथ नृत्य महोत्सवों, कार्यशालाओं और सार्वजनिक प्रस्तुतियों का आयोजन किया जाता है। अंतरराष्ट्रीय नृत्य दिवस मनाने की शुरुआत एक गैर सरकारी संगठन 'अंतरराष्ट्रीय रंगमंच संस्थान' (आईटीआई) की 'अंतरराष्ट्रीय नृत्य समिति' द्वारा 1982 में की गई थी, जो 'यूनेस्को' का हिस्सा है। यह दिवस नृत्य के जादूगर माने जाने वाले जीन जॉर्जेस नोवेरे को समर्पित है। 'फादर ऑफ बैले' के नाम से विख्यात जीन जॉर्जेस नोवेरे एक सुप्रसिद्ध बैले मास्टर थे, जिनका जन्म 29 अप्रैल 1727 को हुआ था। पहली बार 1982 में आईटीआई की नृत्य समिति ने उनके जन्मदिन 29 अप्रैल को अंतरराष्ट्रीय नृत्य दिवस मनाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की थी, जिसके बाद से यह दिवस हर साल 29 अप्रैल को मनाया जाने लगा। जॉर्जेस नोवेरे ने नृत्य पर 'लेटर्स ऑन द डांस' नामक एक पुस्तक भी लिखी थी, जिसमें नृत्य से जुड़ी एक-एक चीज मौजूद हैं। इस पुस्तक के बारे में कहा जाता है कि इसे पढ़कर कोई भी नृत्य करना सीख सकता है। नृत्य परंपरा की दृष्टि से भारत विश्व के सबसे समृद्ध देशों में से एक है। भारतीय नृत्य हजारों वर्षों से चली आ रही एक जीवंत और विकसित परंपरा है, जिसकी जड़ें वेदों, पुराणों, महाकाव्यों और शास्त्रों में गहराई से समाहित हैं। भारतीय नृत्य की विशिष्टता उसकी आध्यात्मिक गहराई, दार्शनिकता और सामाजिक प्रतिबद्धता में निहित है। भारतीय नृत्य केवल सौंदर्य प्रदर्शन नहीं बल्कि आध्यात्मिक साधना का माध्यम है। नाट्यशास्त्र भारतीय नृत्य की बुनियादी संरचना और सिद्धांतों का आधार है। इस ग्रंथ में नृत्य, नाट्य और संगीत के तत्वों का अत्यंत वैज्ञानिक और विशद विवरण दिया गया है। भारत में नृत्य की विविधता उसकी सांस्कृतिक विविधता की तरह अद्भुत है। प्रत्येक क्षेत्र, प्रत्येक राज्य, यहां तक कि कई गांवों की भी अपनी विशिष्ट नृत्य परंपराएं हैं। भारत के शास्त्रीय नृत्य रूप जैसे भरतनाट्यम, कथक, ओडिसी, कुचिपुड़ी, मोहिनीअट्टम, कथकली, मणिपुरी न केवल देश में बल्कि विदेशों में भी अपनी विशिष्ट पहचान बना चुके हैं। इन सभी शास्त्रीय नृत्य शैलियों में अंग संचालन, हस्तमुद्राएं, नेत्र भाव, पद संचालन और ताल की अत्यंत जटिल विधियां हैं, जिन्हें साधना द्वारा वर्षों में सिद्ध किया जाता है। भारतीय शास्त्रीय नृत्य का एक प्रमुख उद्देश्य जीवन के रहस्यों को भावों के माध्यम से व्यक्त करना है। आज जब दुनिया विभाजन, संघर्ष और असहिष्णुता के संकट से गुजर रही है, तब नृत्य एक ऐसा माध्यम बन सकता है

## कृष्ण योग के सूत्र



संकलित

दर्शन

भगवान श्रीकृष्ण के अनुसार सिर्फ शरीर का नियमन ही योग नहीं है, बल्कि आत्मा के साक्षात्कार के लिए किया गया हरेक प्रयास योग की श्रेणी में आता है। इसी कारण श्रीकृष्ण को योगेश्वर कहा जाता है । वे जनक हैं योग के, धाराएं बहती हैं उनसे योग की, बस जिसको जो आयाम स्पर्श करता है, वह उस आयाम पर अग्रसर हो जाता है। आप जिस योग को योग मानते है, वह पतंजलि योग है। पतंजलि सबसे बड़े वैज्ञानिक है अंतर्जगत के। उनकी पहुंच एक वैज्ञानिक मन की है। उनके पास वैज्ञानिक मस्तिष्क है, लेकिन उनकी यात्रा भीतरी है। किंतु हमारे कृष्ण योगेश्वर हैं । वे दृष्टि देते हैं, स्वतंत्रता देते है, प्रेम और करुणा से आपको भरते है। वे जिससे आपको भरते हैं, वे वह स्वयं ही हैं, इसीलिए कृष्ण का योग धारा बन जाता है, आपसे आपको मिलता है और एक दिन केवल वही ही बचते हैं, आप उनमें मिल जाते हैं। कुछ कृष्ण के योग के पहलू जो केवल हम श्रवण करते हैं, पढ़ते हैं, पर वे सूत्र हैं कृष्ण-योग के 'तस्माद्योगाय युज्यस्व योगः कर्मसु कौशलम' अर्थात इससे समत्वबुद्धि योग के लिए ही चेष्टा करो, यह समत्वबुद्धि-रूप योग ही कर्मों में चतुरता है। अर्थात कर्मों में कुशलता को ही योग कहते है। कृष्ण तीन शब्दों का प्रयोग करते हैं-अकर्म, कर्म और विकर्म।

## तुलसीदास जी ने स्त्री को पुरुष में बदला



संकलित

प्रेरणा

चरवारी के ठाकुर की लड़की जो कि बहुत ही सुन्दरी थी। इसके माता पिता को बहुत प्रयास करने पर पुत्र प्राप्त नहीं हुआ, पुत्री हो गयी। उन्होंने सबसे यह बात छुपाकर रखी कि हमें पुत्री हुई है। उन्होंने बचपन से ही उस पुत्री को पुरुष जैसे कपड़े पहनाएं, बोलचाल भी लड़के जैसे सीखा रखी थी। जब विवाह का समय आया तो माँ बाप ने सत्य बात किसी से कही नहीं, क्योंकि उनकी इज्जत पानी में मिल जाती। अब उनकी पुत्री जीसे उन्होंने पुरुष की तरह बनवा रखा था, उसका विवाह एक स्त्री के साथ हो गया। विवाह के बाद सच सामने आ गया कि यह तो स्त्री है, ना कि कोई पुरुष। परंतु विवाह हो चुका था, लोग करते भी क्या? स्त्री का विवाह स्त्री से हो गया। एक दिन जब गोस्वामी जी उधर से निकले, तब लोगों ने उन्हें घेर लिया और प्रार्थना की कि इस कन्या की रक्षा कीजिये। गोस्वामी जी ने श्री रामचरितमानस का नवाह पाठ किया और वह स्त्री से पुरुष बन गयी। यह देखकर गोस्वामी जी का शरीर पुलकित हो गया और उनके मुंह से अतर्कित ही जय जय सीताराम निकल गया । परिवार को साथ लोग भी खुश हो गए। परिवार ने गोस्वामी जी का बहुत उपकार माना, जिन्होंने उनकी पुत्री को लड़का बना दिया । परिवार की भी बात रह गई।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### मां के दूध में भी मिलावट

मां का दूध शिशु के लिए प्रकृति का सबसे सुरक्षित और संपूर्ण आहार माना जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन भी जीवन के शुरुआती छह महीनों तक केवल स्तनपान की सिफारिश करता है, क्योंकि यह न सिर्फ पोषण देता है बल्कि रोगों से सुरक्षा भी प्रदान करता है। लेकिन हाल के वर्षों में वैज्ञानिक शोधों ने एक नई चिंता को जन्म दिया है– मां के दूध में माइक्रोप्लास्टिक, कीटनाशकों, भारी धातुओं और यहां तक कि यूरेनियम जैसे रेडियोधर्मी तत्वों की मौजूदगी। यह स्थिति केवल भारत तक सीमित नहीं है। 2022 में इटली और नीदरलैंड में किए गए अध्ययनों में पहली बार मानव ब्रेस्टमिल्क में माइक्रोप्लास्टिक कणों का पता चला। ये सूक्ष्म प्लास्टिक कण हमारे खाने, पानी और हवा के माध्यम से शरीर में प्रवेश करते हैं।

*- दिवाकर राजवंशी, कांकेर*

## ट्रेंड

### 'ऑपरेशन सिंदूर'



'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान हमने यह स्पष्ट कर दिया कि आतंकवाद के केंद्र अब किसी भी तरह से सजा से बच नहीं सकते। यह अभियान आतंकवाद और उसके समर्थकों के प्रति हमारे 'शून्य सहिष्णुता' के दृष्टिकोण का प्रमाण है।

**-राजनाथ सिंह,** रक्षामंत्री

### मुक्त व्यापार समझौता



भारत-न्यूजीलैंड मुक्त व्यापार समझौता हमारे किसानों, युवाओं, लघु एवं मध्यम उद्यमों और नवप्रवर्तकों के लिए नए अवसर खोलेगा, साथ ही भारत को 'विकसित भारत' की ओर अग्रसर होने में गति प्रदान करेगा। **-योगी आदित्यनाथ,** सीएम, उप्र

### ममता का बयान



ममता दीदी ने कहा है कि बंगाल के हिंदू एक विशेष समुदाय से संबंधित मामलों में उनकी वजह से अधिक सुरक्षित हैं। दीदी का यह बयान न केवल चिंताजनक है, बल्कि बंगाल के भविष्य के लिए खतरनाक, समाज में फूट डालने वाला और सांप्रदायिक भी है।

**- हिमंता बिस्वा सरमा,** सीएम, असम

### बिहारी होने का 'अपराध'




भाजपा सरकार में "बिहारी होना" सबसे बड़ा अपराध और राजद्रोह बन गया है। नई दिल्ली में खगड़िया के युवक पांडव कुमार की मात्र इसलिए गोली मारकर हत्या कर दी गई क्योंकि वह 'बिहारी' था। बिहारी होने के 'अपराध' के लिए उसका दोस्त कृष्णा जीवन और मृत्यु के बीच जूझ रहा है।

**- तेजस्वी यादव,** पूर्व डिप्टी सीएम, बिहार

## करंट अफेयर

# पहले चिल्ड्रन बुकर पुरस्कार चयन मंडल में भारतवंशी

पहले चिल्ड्रन बुकर पुरस्कार 2027 के चयन मंडल की मंगलवार को घोषणा की गई, जिसमें उत्तरी लंदन में बच्चों की किताब दुकान संचालित करने वाली एक भारतवंशी विक्रेता को भी शामिल किया गया है। मसवेल हिल स्थित पुरस्कृत 'बच्चों की किताब दुकान' की मालिक संचिता बसु डे सरकार, लेखक फ्रैंक कॉटरेल-बॉयस और अभिनेत्री लॉली एडेफोपे के साथ मिलकर आठ से बारह वर्ष की आयु के बच्चों के लिए समकालीन सर्वश्रेष्ठ कथा साहित्य का चयन करेंगी। वार्षिक बुकर पुरस्कार की तरह ही, बच्चों के लिए इस साहित्यिक पुरस्कार के विजेता को 50,000 पाउंड की राशि दी जाएगी और अंतिम सूची में चयनित लेखकों को 2,500 पाउंड मिलेंगे।



## ऑफ बीट

# पानी गीला क्यों होता है?

बारिश के मौसम में जब आप बिना छतरी के भीग जाते हैं, तो गीलापन महसूस होता है। लेकिन सवाल यह है कि पानी आखिर गीला क्यों होता है? वायुमंडलीय वैज्ञानिकों के अनुसार, हाइड्रोजन और ऑक्सीजन के अणुओं से बने पानी की यह विशेषता वास्तव में उसके अणुओं के आपसी व्यवहार और आसपास की चीजों के साथ उनकी प्रतिक्रिया पर निर्भर करती है। वैज्ञानिक बताते हैं कि पानी के अणु एक-दूसरे और अन्य पदार्थों से बहुत तेजी से आकर्षित होते हैं। इस गुण को आसंजन (एडहेजन) कहा जाता है। पानी के अणु ध्रुवीय होते हैं, यानी उनके एक छोर पर हल्का धनात्मक और दूसरे छोर पर हल्का ऋणात्मक आवेश होता है। यही कारण है कि वे त्वचा, कपड़े और कांच जैसी सतहों से आसानी से चिपक जाते हैं। जब पानी किसी सतह के संपर्क में आता है, तो वह उस पर फैल जाता है और मजबूती से चिपक जाता है। इसी वजह से हमें लगता है कि कोई वस्तु गीली है।



## संक्षेप

### रामलीला मैदान में मिलेगा गैस सिलेंडर

**26 किलोमीटर दूर जाते थे लोग, परेशानी से लोगों को राहत**

संवाददाता

अमेठी ,अब गैस सिलेंडर का वितरण रामलीला मैदान में किया जाएगा। इस निर्णय से स्थानीय लोगों को बड़ी राहत मिली है, जिन्हें पहले सिलेंडर लेने के लिए 26 किलोमीटर दूर जाना पड़ता था। यह बदलाव व्यापार मंडल के प्रयासों के बाद आया है। लगभग एक महीने पहले, जिला प्रशासन ने अनियमितताओं के आरोप में प्रकाश गैस एजेंसी को बंद कर दिया था। इसके बाद, गैस सिलेंडर का अस्थाई वितरण कस्बे से 2 किलोमीटर दूर देव मैरिज लॉन में शुरू किया गया। हालांकि, भारी भीड़ के कारण वितरण को 12 किलोमीटर दूर संग्रामपुर और फिर 26 किलोमीटर दूर रामगंज स्थानांतरित कर दिया गया था, जिससे लोगों को काफी परेशानी हो रही थी। लोगों की इस समस्या को देखते हुए, अमेठी के उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष महेश सोनी के नेतृत्व में व्यापारियों ने जिलाधिकारी को एक पत्र सौंपकर समाधान की मांग की। प्रशासन ने इस मामले पर संज्ञान लिया और कार्रवाई शुरू की। लोगों की परेशानियों को ध्यान में रखते हुए, अब गैस सिलेंडर का वितरण अमेठी कस्बे के रामलीला मैदान में करने का निर्णय लिया गया है। जिलाध्यक्ष महेश सोनी ने इस पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि प्रशासन ने उनकी मांग को सुना और पूरा किया है। उन्होंने बताया कि अब लोगों को सिलेंडर के लिए रामगंज नहीं जाना पड़ेगा, बल्कि वे अमेठी के रामलीला मैदान से ही सिलेंडर प्राप्त कर सकेंगे।

### अनुदेशक और शिक्षामित्रों के बढ़े वेतन का बजट जारी

**अमेठी में अब शिक्षामित्रों को 18 हजार, अनुदेशकों को 17 हजार मिलेंगे**

संवाददाता

अमेठी , उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने शिक्षामित्रों और अनुदेशकों के बढ़े हुए वेतन का बजट जारी कर दिया है। इस आदेश के बाद अब शिक्षामित्रों को 18 हजार रुपये और अनुदेशकों को 17 हजार रुपये प्रतिमाह वेतन मिलेगा। यह वृद्धि 1 अप्रैल से प्रभावी होगी। वेतन वृद्धि का यह निर्णय सुप्रीम कोर्ट में दायर एक याचिका के बाद आया है। अमेठी के बहादुरपुर ब्लॉक स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय तेंदुआ में तैनात अनुदेशक बृजेश कुमार त्रिपाठी सहित अन्य अनुदेशकों ने वेतन बढ़ाने के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। अमेठी जिले में कुल 268 अनुदेशक हैं, जिन्हें अब 17,000 रुपये प्रतिमाह वेतन मिलेगा। वहीं, जिले में 1525 शिक्षामित्र कार्यरत हैं, जिन्हें 18,000 रुपये प्रतिमाह वेतन दिया जाएगा। सरकार ने इसके लिए आवश्यक बजट भी जारी कर दिया है ।अनुदेशक बृजेश कुमार त्रिपाठी एयर शिक्षामित्र संघ के अद्यक्ष संजय कनॉजिया सरकार के प्रति आभार जताते हुए कहा कि इससे शिक्षामित्रों और अनुदेशकों की समस्याए कुछ हद तक आसान हो सकेंगी।

## डीएफओ बहराइच पहुंचे पिपरिया गांव, ग्रामीणों को दिया आश्वासन

अमन लेखनी समाचार



शिवपुर, बहराइच। बहराइच के पिपरिया गांव में तेंदुए के आतंक से परेशान ग्रामीणों के प्रदर्शन के बाद वन विभाग हरकत में आया है। डीएफओ बहराइच सुंदरेसा ने गांव का दौरा किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

गुरुवार सुबह ग्रामीणों ने वन विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया था। उनका कहना था कि एक तेंदुआ अपने दो शावकों के साथ कई दिनों से क्षेत्र में दहशत फैला रहा है। कुछ दिन पहले पिपरिया गांव की एक बच्ची को भी तेंदुए ने घायल कर दिया था, जिसका इलाज अभी जारी है। ग्रामीणों ने लगातार तेंदुए को देखने की बात कही और उसे जल्द पिंजरे में कैद करने की मांग की ।ग्रामीणों के प्रदर्शन के बाद डीएफओ बहराइच सुंदरेसा और नानपारा रेंजर पीयूष गुप्ता तुरंत मौके पर पहुंचे। उन्होंने स्थिति का जायजा लिया और टीम को दिशा-निर्देश दिए रेंजर गुप्ता ने बताया कि तेंदुए को पकड़ने के लिए ट्रैप कैमरे लगाए गए हैं और शावकों को घेर कर रखा गया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि तेंदुआ जैसे ही अपने बच्चों से मिलने आएगा, उसे पिंजरे में कैद कर लिया जाएगा। हालांकि, पिछले तीन दिनों से टीम लगातार कॉम्बिंग कर रही है, लेकिन अभी तक उन्हें सफलता नहीं मिली है, जिससे ग्रामीणों में गुस्सा है। डीएफओ बहराइच ने ग्रामीणों से सतर्क रहने और वन विभाग की टीम को सहयोग देने की अपील की। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही ग्रामीणों को तेंदुए के आतंक से मुक्ति दिलाई जाएगी।

## रूपईडीहा थाना अंतर्गत मोहनपुर के बाग में मिला व्यक्ति का शव, क्षेत्र में सनसनी

अमन लेखनी समाचार मोहम्मद कौसर

रूपईडीहा, बहराइच। रूपईडीहा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गंगापुर मोहनापुर में शुक्रवार को एक व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। रूपईडीहा थाना प्रभारी रमेश सिंह रावत ने जानकारी देते हुए बताया कि राधेश्याम पुत्र लाले की बाग में एक गड्ढे के भीतर लगभग 45 वर्षीय व्यक्ति का शव पड़ा मिला।

मृतक की पहचान सतगुरु सोनकर पुत्र स्वर्गीय मथुरा सोनकर निवासी रमजानगाँव (दा0 अहलादगाँव), थाना नानपारा, जनपद बहराइच के रूप में हुई है। शव को सबसे पहले धर्मराज पुत्र ननकऊ निवासी गंगापुर मोहनापुर व राम निवास पुत्र नान्हू निवासी मिहीगाँव, थाना रूपईडीहा ने देखा और इसकी सूचना परिजनों व पुलिस को दी।

सूचना मिलते ही मृतक के भाई राम लखन द्वारा दी गई फौती सूचना के आधार पर पुलिस सक्रिय हो गई। पंचायतनामा की कार्रवाई के लिए उपनिरीक्षक नीरज यादव व उपनिरीक्षक अब्दुल कादिर मय हमराही आरक्षी नेत्रपाल यादव व आरक्षी सूरज गौड़ के साथ मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई में जुट गए हैं।

पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। मौके पर शांति व्यवस्था कायम है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## पागल कुत्ते का आतंक, सात लोगों को किया घायल

### एक महिला मेडिकल कॉलेज बहराइच रेफर

अमन लेखनी समाचार



शिवपुर, बहराइच। जिले के थाना खैरीघाट क्षेत्र के ग्राम मक्कापुरवा में आवारा पागल कुत्ते का आतंक देखने को मिला। बीती 29/30 की रात करीब 2:30 बजे अचानक एक पागल कुत्ते ने गांव में अपने घरों में सो रहे लोगों पर हमला कर दिया, जिससे सात लोग घायल हो गए। सबसे पहले आंगन में सो रही शिव कुमारी पत्नी कैलाश 45 के सिर को नोचा,इसके बाद समसुल्लका पुत्र मोहम्मद अली 48,मीरा देवी पत्नी राजेश 30 तथा उनके बेटे अंकित 8 वर्ष,बंशीलाल पुत्र आत्माराम 38 ,गजरिया देवी 13तथा चनटी देवी 5 वर्ष पुत्री बाबादीन को काटकर घायल कर दिया ।सभी लोग अपने-अपने घरों में सो रहे थे, तभी कुत्ते ने उन पर हमला बोल दिया।

घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी मच गई। परिजनों व ग्रामीणों ने किसी तरह घायलों को बचाया और इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। एक महिला शिव कुमारी पत्नी कैलाश की हालत गंभीर होने पर उसे प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज बहराइच रेफर कर दिया गया, जबकि अन्य घायलों का उपचार सीएचसी शिवपुर में ही कराया गया ।ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में लंबे समय से आवारा कुत्तों का आतंक बना हुआ है, लेकिन जिम्मेदार विभाग द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। विगत वर्ष भी मटेरा कलां निवासी मानसी देवी और रखौना निवासी नूर मुहम्मद को कुत्तों ने नोच नोच कर मर डाल था घटना के बाद लोगों में भय का माहौल है और रात में घरों से बाहर निकलना भी मुश्किल हो गया है।

ग्रामीणों ने प्रशासन से आवारा कुत्तों को पकड़ने और इस समस्या से निजात दिलाने की मांग की है।

## नेपालगंज के सोलटी होटल मे थारू फूड्स फेस्टिवल का भव्य उद्घाटन

अमन लेखनी समाचार /मोहम्मद कौसर

रूपईडीहा, बहराइच। सोल्टी वेस्टइंड प्रीमियर होटल नेपालगंज में होटल द्वारा रोज गार्डन परिसर में बृहस्पतिवार से ह्यथारू फूड फेस्टिवल का भव्य आगाज हुआ। नेपालगंज में आयोजित यह तीन दिवसीय फेस्टिवल 30 अप्रैल से 2 मई 2026 तक प्रतिदिन शाम 6 बजे से रात 11 बजे तक चलेगा ।कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, पर्यटक और गणमान्य लोग मौजूद रहे। फेस्टिवल का उद्देश्य पश्चिमी नेपाल की थारू संस्कृति, पारंपरिक व्यंजन और लोक कला को एक मंच पर प्रस्तुत करना है ।फेस्टिवल में थारू समुदाय के पारंपरिक व्यंजनों की विविधता आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। आगंतुकों को न केवल स्थानीय स्वाद का अनुभव मिल रहा है, बल्कि थारू सांस्कृतिक संग्रहालय, स्टॉल्स और पारंपरिक परिधानों का भी प्रदर्शन किया जा रहा है ।कार्यक्रम के दौरान शाम को थारू लोक नृत्य प्रस्तुतियां आयोजित की जा रही हैं, जो दर्शकों को खासा आकर्षित कर रही हैं। इसके अलावा लाइव किचन, थीम आधारित बार, बच्चों के लिए विशेष खेल क्षेत्र तथा संगीत और सांस्कृतिक माहौल का आयोजन किया गया है ।आयोजकों के



अनुसार, फेस्टिवल में प्रवेश निःशुल्क रखा गया है, साथ ही आगंतुकों के लिए रिडीमेबल वाउचर की सुविधा भी उपलब्ध है ।फेस्टिवल के जरिए आयोजकों ने लोगों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर थारू संस्कृति और पारंपरिक व्यंजनों का आनंद लें।

## युवक की मौत के बाद गांव में तनाव, भारी पुलिस बल व पीएसी तैनात

**कैसरगंज थाना क्षेत्र के कुम्हारन पुरवा विजयपुर का मामला**

अमन लेखनी समाचार/सिराज अली

कैसरगंज, बहराइच। थाना कैसरगंज के अंतर्गत ग्राम कुम्हारनपुरवा, विजयपुर में युवक की मौत के बाद गांव का माहौल तनावपूर्ण बना हुआ है। स्थिति को देखते हुए प्रशासन ने गांव में भारी संख्या में पुलिस बल और पीएसी जवानों की तैनाती कर दी है। संवेदनशील स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है तथा पुलिस लगातार गश्त कर रही है।

**25 अप्रैल को युवक ने लगाई थी आग**

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम कुम्हारनपुरवा निवासी गणेश कुमार उर्फ अनिल चौहान ने बीते 25 अप्रैल को कथित रूप से प्रेम प्रसंग से जुड़े विवाद के चलते अपने ऊपर पेट्रोल डालकर आग लगा ली थी। घटना के बाद परिजनों और ग्रामीणों में हड़कंप मच गया था।



**प्राथमिक उपचार के बाद लखनऊ किया गया था रेफर**

गंभीर रूप से झुलसे युवक को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कैसरगंज ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए उच्च चिकित्सा केंद्र रेफर कर दिया। इसके बाद युवक को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज लखनऊ भेजा गया।

**पांच दिन बाद इलाज के दौरान हुई मौत**

मेडिकल कॉलेज लखनऊ में करीब पांच दिनों तक युवक का इलाज चलता रहा। जिंदगी और मौत से जूझने के बाद 30 अप्रैल की सुबह युवक ने दम तोड़ दिया। युवक की मौत की खबर गांव पहुंचते ही शोक की लहर दौड़ गई।

**गांव में अफरा-तफरी, पुलिस प्रशासन अलर्ट**

मौत की सूचना के बाद गांव में अफरा-तफरी और तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई। बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्र होने लगे, जिसके बाद प्रशासन ने तत्काल सुरक्षा बढ़ा दी। मौके पर पुलिस अधिकारी पहुंचकर हालात का जायजा लेते रहे।

**स्थिति नियंत्रण में, जांच जारी**

पुलिस अधिकारियों के अनुसार स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगातार निगरानी की जा रही है। पूरे मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई जारी है तथा प्रशासन ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की है।

## रूपईडीहा रेंज के द्वारा दैनिक श्रमिकों का हुआ सम्मान, वन्यजीव संरक्षण व अग्नि सुरक्षा पर दिया गया संदेश

अमन लेखनी समाचार

रूपईडीहा, बहराइच। अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर शुक्रवार को बहराइच वन प्रभाग के रूपईडीहा रेंज अंतर्गत पंडितपुरवा नर्सरी में श्रमिकों का सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान दैनिक श्रमिकों को वन रेंज अधिकारी रूपईडीहा अतुल श्रीवास्तव ने रेंज कार्यालय की तरफ से सम्मानित किया गया तथा उन्हें गर्मी से बचाव एवं कार्य के दौरान आवश्यक सुरक्षा से जुड़ी वस्तुओं का वितरण किया गया ।कार्यक्रम में वन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उपस्थित ग्रामीणों और श्रमिकों को वन्यजीवों के संरक्षण, वन अग्नि से बचाव तथा भीषण गर्मी में सतर्क रहने के उपायों की विस्तृत जानकारी दी। वन रेंज अधिकारी रूपईडीहा अतुल श्रीवास्तव ने बताया कि जंगलों में आग लगने की घटनाओं को रोकने के लिए सभी की सहभागिता आवश्यक है और थोड़ी सी सावधानी



बड़े नुकसान से बचा सकती है ।इस अवसर पर वन्यजीवों के प्रति संवेदनशीलता बनाए रखने और पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम में वन निरीक्षक विनय राणा सहित क्षेत्र के ग्रामीणों के साथ वन विभाग का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## सीएचसी अधीक्षक चरदा का हुआ ट्रांसफर, ग्रामीणों में आक्रोश

**डॉ महेश विश्वकर्मा बनाये गए सीएचसी अधीक्षक मोतीपुर**

**डॉ थानेदार संभालेंगे सीएचसी चरदा की कमान**

अमन लेखनी समाचार

बाबागंज, बहराइच। सीएचसी चरदा जिले का महत्वपूर्ण और दूरस्थ स्वास्थ्य केंद्र है,जो नेपाल बोर्डर व तराई क्षेत्रों की स्वास्थ्य सेवा प्रदान करता है ।यह केंद्र प्रतिदिन बड़ी संख्या में गंभीर मरीजों,सड़क दुर्घटनाओं और अन्य इमरजेंसी स्थितियों का प्रबंधन करता आया है। 24 घंटे गंभीर स्थिति संभालने के लिए जाना जाता है।

डॉक्टर महेश कुमार विश्वकर्मा बीते 10 महीने से केंद्र के एकमात्र मरीजों के पसंदीदा डॉक्टर थे ।जो दिन-रात अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे थे। उनके अचानक स्थानांतरण से स्थानीय लोगों में नाराजगी है और क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका व्यक्त की जा



रही है।

इस संबंध में चरदा, बाबागंज, नवाबगंज, बरवालिया, बाबाकुट्टी सहित आसपास के ग्रामीणों ने डॉक्टर श्री विश्वकर्मा के स्थानांतरण को तत्काल स्थगित करने की मांग की। अध्यक्ष प्रतिनिधि आदर्श समाज सेवा समिति अध्यक्ष संतोष मिश्र सहित वकील अहमद, अजीत सिंह, रमेश सोनकर, विपुल सिंह, विनय आर्य, विजय गुप्ता, फिरोज अली का कहना है कि यदि इस निर्णय पर शीघ्र पुनर्विचार नहीं किया गया,तो क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाएं गंभीर रूप से प्रभावित हो सकती हैं।

## मटेरा मे निकाली गई महिला जन आक्रोश पैदल यात्रा



अमन लेखनी समाचार

रिसिया, बहराइच। मटेरा में आज नारी शक्ति वंदन संशोधन बिल ना पास होने के विरोध मे जन आक्रोश पैदल यात्रा निकाली गई यात्रा में लोकसभा में नारी शक्ति वंदन बिल का विरोध करने वाली कांग्रेस व समाजवादी पार्टी के विरोध में थी मार्च के समापन के पर राहुल गांधी व अखिलेश यादव का पुतला दहन कर मुदार्बाद के नारे लगाए गए इस अवसर पर स्वाति तिवारी जी महिला मोर्चा अध्यक्ष कविता गुप्ता जी संगीता प्रजापति मंडल अध्यक्ष कुश शुक्ला , मंडल महामंत्री मनोज सिंह ,पूर्व मंडल अध्यक्ष आलोक अग्रवाल , निलेश मिश्रा, लीलाधर पांडे, सत्येंद्र मिश्रा ,विक्की यादव ,राजेश जायसवाल, विकास गोयल आयुष अग्रवाल, कुलदीप सिंह, मयंकर वर्मा ,पंचराम वर्मा आयुष तिवारी ,सुखद राज, सत्यपाल सिंह, लख बीर सिंह, पुतला जलाते वक्त सड़कों पर भारी जाम लग गया इस दौरान सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## दादी की चिता की आग नहीं हुई ठंडी, पोते ने भी गँवाई जान

**एक ही परिवार में दोहरी मौत से परिजनों में मचा कोहराम**

अमन लेखनी समाचार



खैरीघाट, बहराइच। जनपद बहराइच के खैरीघाट थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत रामपुर धोबिया हार निवासी अच्छू वर्मा का 17 वर्षीय किशोर धर्मेंद्र वर्मा ने बुधवार देर रात को अपने टीन शेड के बने मकान में फंदा डालकर आत्महत्या कर ली। जिससे परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। खबर के मुताबिक बुधवार को मृतक धर्मेंद्र की दादी का देहांत हो गया था जो मूल रूप से एकघरा गांव में रहती थी। पिता सहित सभी परिजन उनके अंतिम संस्कार में गए हुए थे। वहीं घर सूना पाकर किशोर धर्मेंद्र ने गले में फंदा डालकर झूल गया। देर रात जब पिता घर पहुंचा तो दरवाजे की कुंडी अंदर से बंद मिली। काफी प्रयासों के बाद किसी तरह वह घर में दाखिल हुआ तो बेटे को फंदे से झूलता हुआ देखकर स्तब्ध रह गया। चीख पुकार पर काफी ग्रामीण एकत्रित हो गए। परिजनों ने सूचना स्थानीय चौकी वैवाही पुलिस को दिया। जिस पर पहुंची फोरेंसिक टीम ने आवश्यक जांच पड़ताल करते हुए साक्ष्य जुटाए तथा वैवाही पुलिस ने पंचनामा की कार्यवाही करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। ग्रामीणों ने बताया कि मृतक धर्मेंद्र अपनी दादी का बहुत प्यारा था, वह उनकी मौत का सदमा बर्दाश्त ना कर सका और अपनी जान गवा दी।

## बुद्ध पूर्णिमा पर गंगा घाटों पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर शुक्रवार को गंगा घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह से ही भक्तजन गंगा तट पर पहुंचने लगे और पूरे दिन आस्था का माहौल बना रहा। हजारों लोगों ने गंगा में स्नान कर पुण्य अर्जित किया और अपने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।

ब्रह्म मुहूर्त से ही गंगा घाटों पर श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखी गईं। महिलाओं, पुरुषों, बुजुर्गों और युवाओं ने गंगा में डुबकी लगाई। स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने भगवान बुद्ध को याद करते हुए पूजा-अर्चना की और दान-पुण्य किया। कई स्थानों पर प्रसाद वितरण का भी आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया ।श्रद्धालुओं का मानना है कि बुद्ध पूर्णिमा के दिन गंगा स्नान करने से पापों का नाश होता है और जीवन में सुख-शांति मिलती है। इस दिन भगवान बुद्ध के जन्म, ज्ञान प्राप्ति और



महापरिनिर्वाण की मान्यता के कारण इसका विशेष महत्व है।

भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे। घाटों पर पुलिस बल तैनात रहा और गोताखोरों की टीम भी सतर्क रही, ताकि किसी भी अप्रिय घटना से निपटा जा सके। स्वास्थ्य विभाग की ओर से प्राथमिक उपचार की व्यवस्था भी की गई थी ।नगर पालिका और सफाई कर्मियों द्वारा घाटों की साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा गया। जगह-जगह बैरिकेडिंग कर श्रद्धालुओं की आवाजाही को नियंत्रित किया गया, जिससे अव्यवस्था न हो। दिनभर गंगा घाटों पर धार्मिक कार्यक्रमों और श्रद्धालुओं की भीड़ के चलते माहौल भक्तिमय बना रहेगा।

## विवादों में घिरे डॉ थानेदार का हुआ तबादला, डॉ महेश विश्वकर्मा बने अधीक्षक

**महिला स्वास्थ्य कर्मियों ने अधीक्षक डॉ थानेदार पर लगाए थे गंभीर आरोप**

**विवाद के ढाई महीने बाद मिहींपुरवा से हटाए गए डॉ थानेदार**

मिथिलेश जायसवाल/संतोष मिश्रा

अमन लेखनी समाचार

मोतीपुर, बहराइच। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिहींपुरवा मोतीपुर में तैनात अधीक्षक डॉक्टर थानेदार का तबादला कर दिया गया है ।वही डॉक्टर महेश कुमार विश्वकर्मा को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिहींपुरवा का नया अधीक्षक बनाया गया है।

कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग क्षेत्र के अंतर्गत मिहींपुरवा में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लगभग ढाई महीने पूर्व महिला स्वास्थ्य कर्मी एएनएम व आशा बहुओं ने अधीक्षक डॉक्टर थानेदार पर अभद्रता करने व अवैध वसूली करने मानदेय भुगतान में विलंब का आरोप लगाया था जिस पर सीएमओ ने जिला अधिकारी के निर्देश पर डॉक्टर थानेदार को अधीक्षक के पद से हटाकर जिले पर अटैच कर दिया था और यहां पर डॉक्टर प्रमोद कुमार को प्रभारी अधीक्षक के रूप में जिम्मेदारी दी थी। गुरुवार देर शाम सीएमओ ने डॉक्टर थानेदार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिहींपुरवा से हटाकर सीएचसी चरदा में अधीक्षक के पद पर तैनाती दी है। वही चरदा में तैनात अधीक्षक डॉक्टर महेश कुमार विश्वकर्मा को सीएचसी मिहींपुरवा का नया अधीक्षक बनाया गया है। डॉक्टर थानेदार ने पुनः अधीक्षक की कुर्सी पाने के लिए राजनीतिक गलियारों में खूब कोशिश की लेकिन उन्हें कामयाबी नहीं मिली और उन्हें मिहींपुरवा छोड़ना पड़ा।

## संदिग्ध परिस्थितियों में मिला युवक का शव परिवार में मचा कोहराम

### कोतवाली मुर्तिहा के गौरा पिपरा सेमरहना का मामला

अमन लेखनी समाचार

मोतीपुर, बहराइच। एक व्यक्ति का संदिग्ध परिस्थितियों में शव मिलने के बाद से परिजनों में कोहराम मच गया वहीं मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है ।कोतवाली मुर्तिहा क्षेत्र के एक गांव में शुक्रवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में नदी घाट के किनारे पड़ा मिला। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार, ग्राम पंचायत गौरा पिपरा के सेमरहना निवासी अंकित मिश्रा का शव गांव से करीब डेढ़ किलोमीटर दूर नदी किनारे मिला। सुबह ग्रामीणों की नजर शव पर पड़ी तो उन्होंने तत्काल परिजनों को सूचना दी। खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद मुर्तिहा पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जा रहा है कि अंकित मिश्रा पंजाब में रहकर पंडिताई पूजा पाठ का कार्य करते थे और कुछ समय से घर आए हुए थे। गुरुवार शाम वह घर से निकले थे, लेकिन रात भर वापस नहीं लौटे। शुक्रवार सुबह उनका शव मिलने से गांव में तरह-तरह की चचाएं शुरू हो गई हैं ।पुलिस क्षेत्राधिकारी मिहींपुरवा प्रदुम्न सिंह ने बताया कि शव मिलने की सूचना पर पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उन्होंने कहा कि रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। तहरीर मिलने पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी ।फिलहाल युवक की मौत किन परिस्थितियों में हुई, यह रहस्य बना हुआ है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही पूरे मामले से पर्दा उठने की उम्मीद है। युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत से जहां परिवार में कोहराम मचा हुआ है वहीं पुलिस जांच में जुटी हुई है।

## संक्षेप

### बुलेट सवार पर नियम उल्लंघन में 34 हजार चालान

**मॉडिफाइड साइलेंसर, नंबर प्लेट और दस्तावेजों में कमी पर पुलिस की सख्ती**

बागपत ,यातायात नियमों के उल्लंघन को लेकर पुलिस सख्त रुख अपनाए हुए है। इसी क्रम में शहर के प्रमुख चौराहों पर चलाए जा रहे विशेष चेकिंग अभियान के दौरान ट्रैफिक पुलिस ने एक बुलेट बाइक सवार पर करीब 34 हजार रुपये का भारी चालान किया।चेकिंग के दौरान पुलिस ने संदिग्ध बुलेट बाइक को रोककर जांच की। जांच में पाया गया कि बाइक में मॉडिफाइड साइलेंसर लगा हुआ था, जिससे तेज और कानफोड़ू आवाज निकल रही थी। इसके अलावा बाइक पर निर्धारित मानकों के अनुसार नंबर प्लेट भी नहीं लगी थी। जब चालक से वाहन के कागजात मांगे गए, तो वह वैध बीमा और प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण पत्र भी प्रस्तुत नहीं कर सका।इन सभी उल्लंघनों को गंभीरता से लेते हुए ट्रैफिक पुलिस ने मोटर व्हीकल एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत कुल 34 हजार रुपये का चालान किया। जानकारी के अनुसार, बाइक चालक दिव्यांग था, लेकिन नियमों के उल्लंघन पर पुलिस ने किसी प्रकार की रियायत नहीं दी। ट्रैफिक टीआई सत्येंद्र सिंह ने बताया कि सड़क सुरक्षा को लेकर कोई समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मॉडिफाइड साइलेंसर और गलत नंबर प्लेट जैसे उल्लंघन आम लोगों के लिए परेशानी और दुर्घटना का कारण बन सकते हैं।पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने वाहनों के सभी आवश्यक दस्तावेज पूरे रखें और यातायात नियमों का पालन करें, ताकि ऐसी कार्रवाई से बचा जा सके और सड़कों पर सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

### दो पक्षों की झड़प में युवक की मौत

**घर में घुसकर मारपीट, घायलों को अस्पताल भेजा; आरोपी फरार**

बागपत , सरूरपुरकलां गांव में मंगलवार रात शराब के नशे में धुत एक युवक ने सेवानिवृत्त ऊर्जा निगम कर्मी के परिवार पर बलकटी से हमला कर दिया।इस बर्बर हमले में परिवार के चार सदस्य घायल हो गए, जिनमें से एक की इलाज के दौरान मौत हो गई।मृतक की पहचान डालचंद के बेटे मोनू के रूप में हुई है।घटना के बाद से गांव में तनाव का माहौल है और परिजनों में गहरा आक्रोश है।घर में घुसकर गाली-गलौज और मारपीट जानकारी के अनुसार, सरूरपुरकलां गांव निवासी डालचंद ऊर्जा निगम से सेवानिवृत्त हैं।वहां अपने परिवार के साथ रहते हैं।मंगलवार रात को नशे में धुत युवक ने उनके घर में घुसकर शराब पीनी शुरू कर दी और गाली-गलौज करने लगा।जब डालचंद और उनके बेटों सोनू, मोनू और अमित ने इस हरकत का विरोध किया, तो आरोपी युवक आग-बबूला हो गया। उसने पास में पड़ी बलकटी उठाई और अंधाधुंध वार करना शुरू कर दिया।इस हमले में डालचंद और उनके तीनों बेटे गंभीर रूप से घायल हो गए।इसके बाद दोनों पक्षों के लोगों में खूनी संघर्ष हुआ फिलहाल तीन-तीन लोग दोनों तरफ से घायल हुए हैं और एक युवक की मौत हुई है। इलाज के दौरान युवक की मौतघायलों को तत्काल स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) ले जाया गया, जहां उनका उपचार शुरू किया गया।मोनू की हालत गंभीर होने के कारण चिकित्सकों ने उसे बचाने का काफी प्रयास किया, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।मोनू की मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

# सस्पेंडेड इंजीनियर 30 फीट ऊंचे टॉवर पर चढ़ा

## बोला- बहाल करो, तब नीचे आऊंगा; 4 घंटे बाद नीचे उतरा

अमन लेखनी समाचार




प्रयागराज, निलंबन से नाराज बिजली विभाग के जूनियर इंजीनियर अभय कुमार यादव गुरुवार शाम 6 बजे 30 फीट ऊंचे टॉवर पर चढ़ गए। अभय टॉवर से ही चिल्लाकर बार-बार कह रहे थे, जब तक मुझे बहाल नहीं किया जाता है, नीचे नहीं आऊंगा। एक दिन पहले लाइनमैन की मौत के बाद इंजीनियर अभय को निलंबित कर दिया गया था। सूचना पाकर अभय के साथी इंजीनियर मौके पर पहुंचे। उन्होंने विभाग पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया कर्मचारियों ने चीफ इंजीनियर के खिलाफ नारे लगाए। कर्मचारियों की सुपरिटेंडेंट इंजीनियर (रए) से बहस भी हुई। अनहोनी की आशंका से फायर ब्रिगेड भी बुला ली गई।रए ने भरोसा दिया कि निलंबन का आदेश वापस ले लिया जाएगा।बावजूद इसके अभय उतरने को तैयार नहीं थे। रात 10 बजे एसीएम 4 अविनाश यादव और एसीपी सिविल लाइंस विद्युत गोयल ने निलंबन का आदेश वापस कराने का भरोसा दिया।तब खए अभय नीचे उतरे।साथी जूनियर इंजीनियरों ने चेतावनी दी है।कहा, अगर निलंबन का आदेश वापस नहीं लिया जाता तो चीफ इंजीनियर कार्यालय में ही 1 मई से सभी जूनियर इंजीनियर धरना प्रदर्शन करेंगे। खए ने कहा- मेरा पक्ष सुने बिना कार्रवाई की गईअभय यादव ने बताया, 28 अप्रैल की रात ढाई बजे तक ड्यूटी पर था और सप्लाई चालू करके घर आ गया। इसके बाद सरकारी लाइनमैन ने एक प्राइवेट लाइनमैन को बुलाकर रिपेयरिंग का काम करवाया। इसी दौरान सप्लाई चालू हो गई और प्राइवेट लाइनमैन की करंट लगने से मौत हो गई। खए का आरोप है कि बिना पक्ष जाने ही उन्हें निलंबित कर दिया गया।

अभय कुमार ने कहा- अगर विभाग में कोई भी कर्मचारी, कोई भी अधिकारी कोई गलती करता है, तो निश्चित ही उसकी जांच होनी चाहिए और उसके ऊपर कार्रवाई होनी चाहिए। अगर मैं दोषी हूं, तो मुझ पर भी एक्शन हो। लेकिन सस्पेंशन की जो प्रक्रिया है, सस्पेंशन इसलिए किया जाता है कि कर्मचारी पद पर रहते हुए जांच को प्रभावित न कर सके। सस्पेंशन कोई दंड नहीं है। लेकिन हमारे विभाग में क्या परिपाटी चल गई है कि सस्पेंशन किया और सीधे अटैच कर दिया। सस्पेंशन से पहले कम से कम पक्ष तो लिया जाना चाहिए, जवाब तो मांगा जाना चाहिए।

# महाकुंभ भगदड़ : मुआवजे पर 30 दिनों में फैसला लें

## मुआवजा दावों का निर्णय जिला प्रशासन करें, न्यायिक आयोग नहीं- हाईकोर्ट

अमन लेखनी समाचार



प्रयागराज , इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जनवरी 2025 के महाकुंभ मेला भगदड़ मामले में स्पष्ट किया है कि पीड़ितों को अनुग्रह मुआवजा देने के दावों का निपटारा राज्य द्वारा गठित न्यायिक जांच आयोग नहीं, बल्कि जिला प्रशासन और मेला प्राधिकरण द्वारा किया जाएगा। हाईकोर्ट ने कहा कि यह प्रक्रिया 30 दिनों के भीतर पूरी करनी होगी। जस्टिस अजीत कुमार और जस्टिस सत्य वीर सिंह की खंडपीठ संजय कुमार शर्मा की याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें 29 जनवरी 2025 (मौनी अमावस्या) को हुई भगदड़ में उनके रिश्तेदार की मौत पर मुआवजा मांगा गया था।

### आयोग का काम मुआवजा तय करना नहीं

अदालत ने न्यायिक जांच आयोग के सचिव द्वारा दाखिल हलफनामे का अवलोकन करते हुए कहा कि मुआवजा दावों का निपटारा करना आयोग के अधिकार क्षेत्र में नहीं आता। आयोग का कार्य केवल घटना के कारणों और परिस्थितियों की जांच करना, भविष्य में ऐसी घटनाओं की रोकथाम के सुझाव देना और प्रशासनिक समन्वय की समीक्षा करना है।कोर्ट ने यह भी नोट किया कि राज्य सरकार की ओर से एडिशनल एडवोकेट जनरल मनीष गोयल ने भगदड़ की घटना से इनकार नहीं किया और कुछ मृतकों के आश्रितों को पहले ही मुआवजा दिए जाने की बात सामने आई। ऐसे में आयोग द्वारा यह जांच करना कि भगदड़ हुई या नहीं, आवश्यक नहीं है प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने के लिए अदालत ने निर्देश दिए कि सभी मुआवजा दावे जिला प्रशासन/मेलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किए जाएं, जहां प्रत्येक मामले में मृत्यु या क्षति के तथ्यों का सत्यापन किया जाएगा। पुलिस की इनक्वेस्ट रिपोर्ट और पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट को, जब तक विपरीत साक्ष्य न हो, प्रमाणिक माना जाएगा। साथ ही, मेलाधिकारी को प्रत्येक दावे पर 30 दिनों के भीतर अंतिम निर्णय लेना होगा।

# बी-फार्मा छात्र पर जानलेवा हमला

**हाईवे पर थार-बलेनो सवार बदमाशों ने घेरकर धारदार हथियार से किया वार**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ ,दिल्ली-देहरादून हाईवे पर देर रात एक बी-फार्मा छात्र पर जानलेवा हमला किया गया।थार और बलेनो कार सवार अज्ञात हमलावरों ने पहले छात्र की बाइक को टक्कर मारी और फिर उस पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। घायल छात्र को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। भावनपुर थाना क्षेत्र निवासी हर्ष बी-फार्मा द्वितीय वर्ष का छात्र है। वह देर रात अपने दोस्त को मोदीपुरम छोड़कर अपाची बाइक से कंकरखेड़ा लौट रहा था।जटोली गांव के पास पहुंचते ही पीछे से आई थार और बलेनो कार ने उसे घेर लिया। आरोप है कि बलेनो कार ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे हर्ष सड़क पर गिर गया।इसके बाद कार से उतरे हमलावरों ने छात्र पर धारदार हथियार से ताबड़तोड़ हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।घटना के बाद मौके पर लोगों को आता देख आरोपी धमकी देते हुए अपनी गाड़ियों से फरार हो गए।घायल छात्र किसी तरह कंकरखेड़ा थाने पहुंचा और पूरी घटना की तहरीर दी।छात्र हर्ष ने अपनी शिकायत में मुजफ्फरनगर के शाहपुर थाना क्षेत्र के गांव जीवना निवासी अनुरुद्ध बालियान और उसके साथियों पर हमला करने का आरोप लगाया है। पुलिस के अनुसार पीड़ित का मेडिकल कराया जा रहा है और आरोपियों की पहचान कर ली गई है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और जल्द गिरफ्तारी का दावा किया गया है।

# नगर निगम में आईयूएमएल का धरना प्रदर्शन

## लघु उद्योग श्रमिकों पर कॉमर्शियल टैक्स हटाने की मांग, बोले- पहले दे सुविधा फिर करें वसूली

अमन लेखनी समाचार




मेरठ , नगर निगम में इण्डियन यूनियन मुस्लिम लीग ( आईयूएमएल ) ने धरना देते हुए नगर आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर महानगर में लघु एवं अतिसूक्ष्म उद्योगों से वसूले जा रहे कॉमर्शियल टैक्स को समाप्त करने की मांग की। साथ ही मलिन, दलित और अल्पसंख्यक बस्तियों में खराब सफाई व्यवस्था पर भी नाराजगी जताई। इस दौरान पार्षद रिजवान अंसारी ने बताया कि शहर के कई छोटे-छोटे मकानों में लोग चप्पल निर्माण, मिट्टी के बर्तन, लकड़ी के सामान, कपड़ा, सिलाई-कढ़ाई और आर्टिफिशियल ज्वैलरी जैसे कार्य कर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे हैं।सरकार इन लघु उद्योगों को विभिन्न योजनाओं के तहत प्रोत्साहित भी कर रही है, लेकिन नगर निगम द्वारा इन श्रमिकों से कॉमर्शियल टैक्स वसूला जा रहा है, जिससे उन पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। आईयूएमएल ने इस टैक्स को निरस्त करने की मांग की। बरसात में डूब जाएगा शहर- रिजवान अंसारी पार्षद रिजवान अंसारी ने शहर के नालों की स्थिति का हवाला देते हुए कहा कि आज के समय में जो हालात हैं अगर अगले एक महीने में नालों की सफाई को लेकर कोठ ठोस कदम नहीं उठाया जाता है तो आने वाले बरसात के समय में जलभराव के कारण जनजीवन को बहाल होने से कोई नहीं रोक सकता।

इसके अलावा इण्डियन यूनियन मुस्लिम लीग ने शहर की सफाई व्यवस्था को लेकर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि मलिन और पिछड़े इलाकों में नालों की सफाई ठीक से नहीं हो रही है और कूड़े के ढेर लगे रहते हैं। समय पर कूड़ा नहीं उठने के कारण हालात बदतर हो रहे हैं, जिससे बरसात के दौरान जलभराव की समस्या बढ़ने की आशंका है।आईयूएमएल ने नगर आयुक्त से मांग की कि पहले सफाई व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए और उसके बाद ही किसी प्रकार का टैक्स लागू किया जाए।

# आबूलेन पर जूस कॉर्नर में शॉर्ट सर्किट से लगी आग

**खम्भे से निकली चिंगारी दुकान तक पहुंची, दमकल की गाड़ी काबू पाने में जुटी**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ , आग लगने की घटनाएं बढ़ती जा रही है। शाम शहर के पाश बाजार आबूलेन पर एक जूस कॉर्नर में भीषण आग लग गई। आग लगते ही दुकान में मौजूद कर्मचारियों में खलबली मच गई।गनीमत रही कि वह ठीक समय पर बाहर निकल आए। आग ने पड़ोस की दो दुकानों को भी चपेट में लिया है।

### एक नजर डालते हैं हादसे पर

मूलरूप से बहराइच के रहने वाले अहमद आबूलेन पर दिल्ली जूस कॉर्नर के नाम से दुकान चलाते हैं। मंगलवार शाम वह दुकान पर ही मौजूद थे। अचानक दुकान के एक कोने से आग की लपटे उठते देख उन्होंने शोर मचा दिया। इससे पहले कि वह कुछ कर पाते पूरी दुकान में आग फैलती चली गई। आसपास के लोगों की भीड़ हुई जमा आग का शोर मचते ही आसपास के लोगों की भीड़ जमा होने लगी। लोगों ने अपने आप ही आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू कर दिया। आग के साथ धुआं फैलने लगा था। लोगों ने बिना देरी किए पड़ोस की दो दुकानों से भी सामान निकालना शुरू कर दिया। देखते ही देखते लोगों की भीड़ जमा हो गई।

### पूरे क्षेत्र में फैला काला धुआं

देखते ही देखते आग ने पूरी दुकान को चपेट में ले लिया। पूरे इलाके में धुआं ही धुआं फैलने लगा।इसके बाद लोगों की भीड़ जमा हो गई और लोगों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी।

# 15 मंजिला अपार्टमेंट में भीषण आग

**7 फ्लोर को चपेट में लिया, लोग भागे; घर जलता देख महिलाएं फूट-फूटकर रोईं**

अमन लेखनी समाचार



गाजियाबाद , सुबह 8.30 बजे 15 मंजिला अपार्टमेंट में भीषण आग लग गई। आग गौर ग्रीन एवेन्यू सोसाइटी के टावर-डी में 9वें फ्लोर पर लगी। देखते ही देखते आग ने 7 मंजिलों को अपनी चपेट में ले लिया। आग की ऊंची-ऊंची लपटें उठने लगीं। आग इतनी भीषण थी कि धुएं का गुबार करीब 5 किमी दूर से दिखाई दे रहा था। गनीमत रही कि फ्लैट में रहने वाले लोग किसी तरह अपनी जान बचाकर बाहर निकल आए।सीढ़ियों से नीचे की ओर भागे। अपना घर जलते देखकर महिलाएं फूट-फूटकर रो पड़ीं। सोसाइटी में अफरा-तफरी मच गई। धुएं की वजह से कुछ लोगों को सांस लेने में दिक्कत हुई। उन्हें तुरंत ही अस्पताल पहुंचाया गया सूचना पर फायर ब्रिगेड की 14 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने के प्रयास में जुट गईं। बिल्डिंग के ऊपरी हिस्से में लगी आग पर काबू पाने के लिए हाइड्रोलिक क्रेन की मदद ली गई। बगल की बिल्डिंग के लोग भी पाइप से आग बुझाने में जुट गए।इस बीच, सीएम योगी ने घटना का संज्ञान लेकर अधिकारियों को तत्काल मौके पर पहुंचने के निर्देश दिए। राहत कार्यों में तेजी लाने के लिए कहा।उन्होंने कहा- मामले में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने पुलिस कमिश्नर, डीएम को भी मौके पर पहुंचने के निर्देश दिए। करीब 3 घंटे बाद आग पर काबू पाया जा सका। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है।एम्बुलेंस और पुलिस की टीम भी मौके पर मौजूद हैं। बिल्डिंग और आसपास की इमारतों को खाली करा लिया गया है।लोगों को इलाके से दूर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा दिया गया है।घटना इंदिरापुरम इलाके के अभय खंड की है।

सोसाइटी के लोग बोले- जिस फ्लैट में कंस्ट्रक्शन का काम चल रहा था, वहीं आग लगी

सोसाइटी के लोगों ने बताया- गौर ग्रीन एवेन्यू सोसाइटी में कुल 6 टावर हैं।करीब 600 फ्लैट हैं।जिसकी कीमत डेढ़ से ढाई करोड़ है।टावर-डी के एक फ्लैट में कुछ कंस्ट्रक्शन का काम चल रहा था। आग वहीं लगी। सबसे पहले बालकनी से आग की लपटें दिखाई दीं। अउ और इलेक्ट्रॉनिक आइट्म की वजह से आग और भड़क गई और फैलने लगी। उन्होंने बताया- फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई।थोड़ी देर में 2 गाड़ियां मौके पर पहुंची।लेकिन, आग 9वीं मंजिल पर होने की वजह से आग बुझाने में दिक्कतों को सामना करना पड़ा।इसके बाद हाइड्रोलिक क्रेन मंगाई गई। तब जाकर आग पर काबू पाया जा सका।

# मीटर उखाड़ने वालों पर बलवे की धारा में मुकदमा

## सरकारी काम में बाधा, सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया, निगरानी शुरू

अमन लेखनी समाचार



मेरठ , बिजली मीटर उखाड़कर फेंकने वालों के खिलाफ बलवा व सरकारी काम में बाधा डालने समेत कई गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया है। अज्ञात व्यक्ति व 15-16 महिलाओं के खिलाफ सिविल लाइन थाने में ऋफ कराई गई है। इन सभी के खिलाफ विभाग ने शिकंजा कसने की तैयारी कर ली है।दो टीमों को निगरानी के लिए लगाया गया है जो इन घरों की विद्युत सप्लाई पर नजर रखेंगी।

सिविल लाइन थाना क्षेत्र के मोहनपुरी में रहने वाले लोग पिछले काफी समय से स्मार्ट मीटर का विरोध कर रहे हैं।उन्होंने बिजली घर से लेकर उच्चाधिकारियों तक से मीटर हटवाकर दोबारा पुराने मीटर लगाने का आग्रह किया लेकिन सुनवाई नहीं हुई। मजबूर होकर को इन लोगों ने खुद ही अपने घरों के बाहर लगे स्मार्ट मीटर उखाड़ दिए और उन्हें बिजली घर पर ले जाकर सौंप दिया। इस घटना का उच्चाधिकारियों ने संज्ञान लिया और ऋफ के संकेत दे दिए।

### गंभीर धाराओं में दर्ज हुई रिपोर्ट

मीटर उखाड़ने की घटना को विद्युत विभाग के अफसरों ने गंभीरता से लिया। शाम को ही मोहनपुरी बिजली घर के अवर अभियंता रमेश कुमार की तरफ से सिविल लाइन थाने में तहरीर दे दी गई।इस तहरीर में एक अज्ञात व्यक्ति के साथ करीब 15-16 महिलाओं का जिक्र किया गया था, जो मीटर उखाड़कर यहां लाई थीं। पीवीवीएनएल के मुख्य अभियंता (वितरण) मेरठ रजनीकांत मिश्रा ने बताया कि मीटर उखाड़कर इन लोगों ने सरकारी काम में बाधा डाली है।एक तरह से सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया है जो अपने आप में गंभीर मामला है। जिन लोगों ने मीटर उखाड़कर फेंके हैं, उनको चिह्नित कर लिया गया है। उनकी समस्त डिटेल जुटा ली गई है। मुकदमे पर विवेचना शुरू हो गई है। पुलिस जैसे ही साक्ष्य मांगेगी, वह सभी साक्ष्य सौंप दिए जाएंगे।इन सभी घरों की निगरानी कराई जा रही है।

### पार्षद बोले- आर पार की लड़ाई को तैयार

इस पूरे आंदोलन का नेतृत्व भाजपा के वार्ड 44 से पार्षद उत्तम सैनी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऋफ दर्ज कराकर विभाग डराना चाहता है लेकिन वह डरने वाले नहीं हैं। अब आर पार की लड़ाई का ऐलान किया जाएगा। इसकी शुरूआत पूरे मोहनपुरी इलाके में लगे स्मार्ट मीटरों को उखड़वाकर किया जाएगा।जल्द ऊर्जा राज्यमंत्री डा. सोमेंद्र तोमर से भी मुलाकात करेंगे।

# ग्रेटर नोएडा में गैस पाइपलाइन लीकेज से आग

**फायर ब्रिगेड ने पाया काबू, आईजीएल टीम ने लीकेज ठीक की**



अमन लेखनी समाचार

गौतम बुद्ध नगर , ग्रेटर नोएडा के सूरजपुर थाना क्षेत्र में एक आईजीएल गैस पाइपलाइन में लीकेज के कारण आग लग गई। यह घटना सूरजपुर कोर्ट के गेट नंबर-4 के सामने शाम करीब साढ़े 6 बजे हुई। आग लगने से आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलने पर दमकल विभाग की एक गाड़ी मौके पर पहुंची।दमकलकर्मियों ने कुछ ही देर में आग पर काबू पा लिया।हालांकि, आग बुझने के बाद भी गैस का रिसाव जारी रहा। गैस लीकेज को रोकने के लिए आईजीएल (इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड) के अधिकारियों और कर्मचारियों को बुलाया गया।

# ग्रेटर नोएडा की पंचशील ग्रीन-2 सोसायटी में पानी संकट

**हजारों परिवार बूंद-बूंद को तरसे, टैंकरों के आगे लगी लंबी लाइनें**

अमन लेखनी समाचार



गौतम बुद्ध नगर , ग्रेटर नोएडा वेस्ट की हाई राइज सोसायटी पंचशील ग्रीन-2 में पिछले दो दिनों से जारी जल संकट ने हजारों परिवारों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। पानी की आपूर्ति ठप होने के कारण लोग बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं।सोसायटी में पानी के टैंकरों के आगे लंबी कतारें देखी जा रही हैं, जहां लोग बाल्टियों और बोतलों में पानी भरने के लिए संघर्ष कर रहे हैं।निवासियों के अनुसार, मंगलवार देर रात से ही सोसायटी में पानी की किल्लत शुरू हो गई थी। बुधवार सुबह जब लोग उठे तो उनके घरों के नलों में पानी नहीं था। बिना किसी पूर्व सूचना के पानी की आपूर्ति बंद होने से लोगों की दिनचर्या पूरी तरह प्रभावित हो गई। ऑफिस जाने वाले और स्कूल जाने वाले बच्चों के परिवारों को विशेष परेशानी का सामना करना पड़ा। सोसायटी के निवासियों ने बताया कि घंटों इंतजार के बाद भी मेंटेनेंस टीम की ओर से कोई ठोस जवाब नहीं मिला। जैसे-जैसे समय बीतता गया, लोगों का गुस्सा बढ़ता गया और हजारों परिवार अपने-अपने फ्लैटों से नीचे उतर आए। भारी भरकम मेंटेनेंस चार्ज देने के बावजूद पानी जैसी मूलभूत सुविधा के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है, जिससे बुनियादी सुविधाओं की पोल खुल गई है।सोसायटी में पानी की किल्लत दूर करने के लिए प्रबंधन ने कुछ पानी के टैंकर मंगवाए, लेकिन वे नाकाफी साबित हुए।टैंकर आते ही उनके आगे लंबी लाइनें लग गईं।

# वाटर पार्क में नहाते समय युवक की बिगड़ी तबीयत, मौत

**नोएडा में परिवार के साथ घूमने आया था, सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस**

अमन लेखनी समाचार




नोएडा ,नोएडा सेक्टर-38ए वाटर पार्क में नहाते समय एक युवक की तबीयत खराब हो गई। उसे एंबुलेंस से पास के अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों न े उसे मृत घोषित कर दिया।इस घटना के बाद कोतवाली सेक्टर-39 पुलिस मामले की जांच कर रही है। मृतक के परिजनों ने पुलिस से देर रात तक कोई शिकायत नहीं की है। पुलिस के मुताबिक, दोपहर को पटेल न्यू टाउन ग्रेटर नोएडा के रहने वाले द्रोण शर्मा (21) अपने परिवार के साथ सेक्टर-38ए वाटर पार्क आए हुए थे। द्रोण और परिवार के लोग वाटर पार्क में नहा रहे थ पूल में नहाते वक्त द्रोण की तबीयत खराब हो गई। वह पूल से बाहर निकलकर बैठ गया।इसके बाद घर के लोगों ने पूछा कि पूल से बाहर क्यों निकल गए तब उन्होंने बताया कि तबीयत ठीक नहीं लग रही है।

### एंबुलेंस से पहुंचाया अस्पताल

इसके बाद तुरंत ही वाटर पार्क के स्टाफ को बताया गया और स्टाफ व परिवार के लोग एंबुलेंस से द्रोण को लेकर विनायक अस्पताल पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।कोतवाली सेक्टर-39 के प्रभारी निरीक्षक डीपी शुक्ला ने बताया कि वाटर पार्क में नहाने के दौरान तबीयत बिगड़ी थी। पूल में डूबने से मौत नहीं हुई है, जिस वक्त यह घटना हुई।

# परम संतोषी ब्राह्मण थे भक्त सुदामा : कथाव्यास

## विशाल भंडारे के साथ श्रीराम महायज्ञ का हुआ समापन

अमन लेखनी समाचार



ककरवई। ककरवई क्षेत्र के ग्राम कचीर में बस स्टैंड के समीप चल रहे श्रीराम महायज्ञ, श्रीमद्भागवत कथा एवं शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का शुक्रवार को विशाल भंडारे के साथ विधिवत समापन हो गया। समापन दिवस पर कथा व्यास पंडित सत्येंद्र मिश्रा ने सुदामा चरित्र का मार्मिक वर्णन करते हुए कहा कि भक्त सुदामा परम संतोषी ब्राह्मण थे। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति जीवन में संतुष्ट रहता है, वही वास्तव में सबसे बड़ा धनवान होता है। इस दृष्टि से सुदामा दरिद्र नहीं थे। कथाव्यास ने कलयुग में भगवान के नाम जप को ही मोक्ष का सर्वोत्तम साधन बताया। यज्ञाचार्य पंडित संजय मिश्रा ने यज्ञ वेदी में पूर्णाहुति दिलवाई। कथा के यजमान कमलेश एवं पूरनलाल यादव ने भागवत महापुराण की आरती उतारी। यज्ञाचार्य के सानिध्य में पं. अमित तिवारी, पं. अभय पांडे, पं. अशोक शुक्ला एवं पं. आशीष मिश्रा ने विधि-विधान से समस्त यज्ञिक कार्य एवं शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा संपन्न कराई। संगीतमय कथा में मनोज तिवारी (पैड), शिवम तिवारी (ऑर्गन) और अंकेश प्रजापति (नाल) ने संगत देकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। समापन के उपरांत कथा स्थल पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामवासी एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# पुलिस अधीक्षक सोनभद्र द्वारा जनसुनवाई में आमजन की समस्याओं का त्वरित एवं पारदर्शी निस्तारण के निर्देश



अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा पुलिस कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई/जनता दर्शन कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए नागरिकों की शिकायतों को गंभीरता, संवेदनशीलता एवं पूर्ण तत्परता के साथ सुना गया। कार्यक्रम के दौरान राजस्व प्रकरणों एवं अन्य पुलिस संबंधी मामलों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईं। पुलिस अधीक्षक ने प्रत्येक प्रकरण का स्वयं संज्ञान लेते हुए संबंधित क्षेत्राधिकारी एवं थाना प्रभारियों को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु स्पष्ट निर्देश प्रदान किए। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी शिकायतों की गुणवत्तापूर्ण एवं तथ्यपरक जांच की जाए तथा पीड़ितों को की गई कार्यवाही से समय पर अवगत कराया जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही, विलंब या उत्पीड़न पाए जाने पर कठोर कार्यवाही की चेतावनी भी दी गई। जिन मामलों में त्वरित हस्तक्षेप आवश्यक है, उनमें तत्काल विधिक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

# बीजपुर में शराब माफियाओं की मनमानी: तय समय के बाद ऊंचे दाम पर धड़ल्ले से बिक्री

अमन लेखनी समाचार






बीजपुर (सोनभद्र) स्थानीय बाजार क्षेत्र में शराब बिक्री के नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। बीजपुर बाजार स्थित कम्पोजिट अंग्रेजी शराब एवं बीयर शॉप पर निर्धारित समय सीमा के बाद भी धड़ल्ले से शराब बेचे जाने के गंभीर आरोप सामने आ रहे हैं। सरकारी नियमों के अनुसार जहां शराब दुकानों को रात 10 बजे तक ही संचालित किया जाना है, वहीं संबंधित दुकान पर रात 10:30 बजे के बाद तक बिक्री जारी रहने की शिकायतें लगातार मिल रही हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि दुकान न केवल तय समय के बाद खुली रहती है, बल्कि रात 10 बजे के बाद अद्धा, पौवा और बोतलों पर प्रिंट रेट से 20 से 50 रुपये अधिक वसूले जा रहे हैं। इस अवैध वसूली के चलते आए दिन ग्राहकों और विक्रेताओं के बीच झगड़े, गाली-गलौज और विवाद की स्थिति बन रही है, जिससे क्षेत्र का माहौल बिगड़ता जा रहा है। आरोप यह भी है कि दुकान निर्धारित समय से पहले ही खोल दी जाती है और देर रात 11 से 12 बजे तक खुलेआम बिक्री जारी रहती है। नाम न छापने की शर्त पर कई स्थानीय नागरिकों ने बताया कि इस तरह की लापरवाही और नियमों की अनदेखी से क्षेत्र में नशाखोरी को बढ़ावा मिल रहा है, जिससे सड़क दुर्घटनाओं और अपराध की आशंका भी बढ़ गई है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि शराब बिक्री के नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित हो सके और क्षेत्र में शांति व कानून व्यवस्था कायम रह सके।

खास समाचार

## चोपन पुलिस द्वारा साइबर ठगी का पीड़ित को 60,000/ की धनराशि वापस दिलाने में मिली सफलता

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अनिल कुमार के कुशल मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर मिश्रा के प्रभावी पर्यवेक्षण में जनपद में साइबर अपराधों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना चोपन पुलिस द्वारा एक सराहनीय सफलता अर्जित की गई है आवेदक धीरेन्द्र मिश्रा के अनुसार वादी के साथ दिनांक 29.01.2026 को अज्ञात साइबर अपराधियों द्वारा आधार आईडी सेंटर स्थापित कराने का झांसा देकर वढक के माध्यम से 1,00,000/- (एक लाख रुपये) की धोखाधड़ी की गई थी। इस संबंध में पीड़ित द्वारा साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई गई थी। प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए थाना चोपन की साइबर हेल्प डेस्क टीम द्वारा त्वरित एवं सुनियोजित कार्यवाही करते हुए तकनीकी विश्लेषण के माध्यम से संदिग्ध लेन-देन का सफलतापूर्वक पता लगाया गया। तत्पश्चात संबंधित बैंक से प्रभावी समन्वय स्थापित कर धनराशि को होल्ड/फ्रीज कराया गया तथा नियमानुसार रिवर्सल प्रक्रिया पूर्ण कराई गई उक्त प्रभावी कार्यवाही के परिणामस्वरूप ठगी की गई धनराशि में से 60,000/- (साठ हजार रुपये) सफलतापूर्वक पीड़ित के बैंक खाते में वापस कराई गई। धनराशि प्राप्त होने पर पीड़ित द्वारा थाना चोपन पुलिस टीम के प्रति आभार व्यक्त करते हुए भूरी-भूरी प्रशंसा की गई।

## अवैध खनन में 10,000 रुपये का ईनामिया बाल अपचारी पुलिस हिरासत में लिया गया, थार वाहन बरामद व इससे सम्बन्धित स्कार्पियों वाहन सीज

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में व अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अनिल कुमार तथा क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर कुमार मिश्रा के पर्यवेक्षण में जनपद में अपराध एवं अवैध खनन के विरुद्ध चलाए जा रहे सघन अभियान के क्रम में थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। प्रभारी निरीक्षक रामस्वरूप वर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा प्रभावी पतारसी-सुरागरसी करते हुए मु0अ0सं0 43/2026 से संबंधित वांछित 01 नफर बाल अपचारी को दिनांक 30.04.2026 को ग्राम खैरटिया, थाना ओबरा क्षेत्र से विधिक प्रक्रिया का पालन करते हुए पुलिस हिरासत में लिया गया। हिरासत में लेने के दौरान मौके से संबंधित थार वाहन संख्या वढ 64 अर 8515 (काला रंग) बरामद किया गया, जिसे आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करते हुए सीज किया जा रहा है। उक्त प्रकरण में अभियुक्त के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धाराएं 303(2), 317(2), 121(1), 109(1), 61(2)अ व 3(1)/58/72(6) उ0प्र0 उपखनिज परिहार नियमावली , 4/21 खान व खनिज अधि0 व 3 सार्वजनिक सम्पति क्षति निवारण अधि0 के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत है। गिरफ्तारी उपरांत बाल अपचारी को नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

# पुलिस अधीक्षक ने अपराध शाखा के कर्मचारियों के साथ की गोष्ठी, दिए दिशा-निर्देश

- पुलिस अधीक्षक ने आर्थिक अपराध शाखा के अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ बैठक आयोजित कर वर्ष 2026 में दर्ज आर्थिक अपराधों की गहन समीक्षा की।
- बैठक के दौरान विशेष रूप से धोखाधड़ी, लेनदेन तथा कबूतरबाजी (इमीग्रेशन फ्रॉड) से जुड़े मामलों पर विस्तार से चर्चा की गई।



अमन लेखनी समाचार

कुरुक्षेत्र। पुलिस अधीक्षक ने वर्ष 2026 में दर्ज आर्थिक अपराध से सम्बंधित मुकदमों में की जा रही कारवाई की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने कबूतरबाजी व धोखाधड़ी के मामलों में गहनता से जांच कर आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने के आदेश दिए। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी लंबित मामलों की जांच को प्राथमिकता के आधार पर तेजी से पूरा किया जाए तथा प्रत्येक केस में तथ्यों और साक्ष्यों का सूक्ष्मता से विश्लेषण किया जाए। उन्होंने कहा कि आर्थिक अपराध सीधे तौर पर आम नागरिकों की मेहनत की कमाई से जुड़े होते हैं, इसलिए ऐसे मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पुलिस अधीक्षक ने निर्देश दिए कि धोखाधड़ी के मामलों में आधुनिक तकनीकों का उपयोग करते हुए आरोपियों तक जल्द से जल्द पहुंच बनाकर काबू किया जाए। साइबर अपराधों के बढ़ते मामलों को देखते हुए संबंधित टीमों को तकनीकी रूप से और अधिक सक्षम बनने तथा विशेषज्ञ एजेंसियों के साथ समन्वय बढ़ाने पर जोर दिया गया। कबूतरबाजी से जुड़े मामलों में पुलिस अधीक्षक ने कहा कि ऐसे गिरोहों पर सख्त कार्रवाई की जाए, जो लोगों को विदेश भेजने के नाम पर ठगी करते हैं। उन्होंने पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। पुलिस अधीक्षक ने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को ईमानदारी, पारदर्शिता और जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि आमजन का विश्वास बनाए रखना पुलिस की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है और इसे हर हाल में कायम रखा जाना चाहिए।

# सोनभद्र में दो माह चलेगी मार्निंग कोर्ट

- इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश के अनुपालन में एक मई से 30 जून तक चलेगी प्रातःकालीन कोर्ट।
- जिले की भौगोलिक स्थिति के साथ ही अत्यधिक गर्मी पड़ने के मद्देनजर प्रति वर्ष मार्निंग कोर्ट का होता है संचालन।





अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश के अनुपालन में सोनभद्र की अदालतों में दो माह मार्निंग कोर्ट चलेगी। एक मई शुक्रवार से प्रातःकालीन कोर्ट का संचालन शुरू हो जाएगा। जिसकी वजह से न्यायिक अधिकारियों, अधिवक्ताओं, कर्मचारियों एवं वादकारियों के नित्य क्रिया में परिवर्तन करना पड़ेगा जिससे शुरूआत में परेशानी होगी। बता दें कि सोनभद्र जिले की भौगोलिक स्थिति अन्य जिलों से भिन्न है। जिसके चलते दो महीने मई और जून माह में भयंकर गर्मी पड़ती है। सोनभद्र बार एसोसिएशन एवं डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के संयुक्त प्रस्ताव पर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सोनभद्र में दो माह अर्थात एक मई से 30 जून तक के लिए मार्निंग कोर्ट संचालित करने का निर्देश दिया है। जनपद न्यायाधीश सोनभद्र राम सुलीन सिंह ने प्रातःकालीन कोर्ट का संचालन एक मई से 30 जून तक प्रातः 7 बजे से दोपहर बाद एक बजे तक करने का निर्देश दिया है। वहीं कार्यालय का समय प्रातः 6:30 बजे से दोपहर बाद 1:30 बजे तक होगा। इसके अलावा मध्यावकाश का समय सुबह 10:30 बजे से पूर्वान्ह 11:00 बजे तक रहेगा। यह आदेश जनपद न्यायालय सोनभद्र व अधीनस्थ न्यायालयों, वाह्य न्यायालय अनपरा

# हत्या में दोषी दंपती को सश्रम आजीवन कारावास की सजा

- 11-11 हजार रुपए अर्थदंड, न देने पर 6-6 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी।
- जेल में बितायी अवधि सजा में समाहित की जाएगी।
- ढाई वर्ष पूर्व हुए नगीता हत्याकांड का मामला।



अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। ढाई वर्ष पूर्व हुए नगीता हत्याकांड के मामले में वृहस्पतिवार को सुनवाई करते हुए सत्र न्यायाधीश राम सुलीन सिंह की अदालत ने दोषसिद्ध पाकर दोषी दंपती को सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाई। इनके ऊपर 11-11 हजार रुपए अर्थदंड भी लगाया गया है।

अभियोजन पक्ष के मुताबिक राम सुदीन धरिकार पुत्र लक्ष्मण धरिकार निवासी सलखन टोला बहिरहवां, थाना चोपन, जिला सोनभद्र ने चोपन थाने में दी तहरीर में अवगत कराया था कि 28 नवंबर 2023 को शाम 6 बजे उसका छोटा भाई चिनीलाल धरिकार हाथ में कुल्हाड़ी लेकर अपनी पत्नी रेशमी के साथ आया। घर पर उसकी पत्नी नगीता बच्चों के साथ घर का कामकाज कर रही थी। आवाज देकर उसकी पत्नी को भाई ने बुलाया और अपने साथ चलने को कहा तो नगीता ने साथ जाने से इनकार कर दिया। इसपर उसका छोटा भाई कुल्हाड़ी से नगीता के सिर पर प्रहार कर दिया और वह गिर गई। उसे सिर में गम्भीर चोटें आई हैं। जब बचाने के लिए उसका बड़ा बेटा दौड़ा तो उसके सिर पर भी कुल्हाड़ी से प्रहार कर दिया। उसके बाद धमकी देते हुए छोटा भाई अपनी पत्नी के साथ भाग गया। जब वह बाजार से घर लौट रहा था तो उसका छोटा भाई चिनीलाल अपनी पत्नी रेशमी के साथ हाथ मे कुल्हाड़ी लेकर जा रहा था और उसकी पत्नी नगीता व बड़ा बेटा उत्तम जमीन पर गिरे पड़े थे। दोनों को दवा इलाज के लिए जिला अस्पताल लोढ़ी लेकर आया जहां पत्नी नगीता (40) वर्ष की सिर में कुल्हाड़ी से गम्भीर चोट लगने से मौत हो गई। जबकि बेटे उत्तम (13) वर्ष का दवा इलाज चल रहा है। आवश्यक कार्रवाई करें। इस तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दिया। विवेचक ने पर्याप्त सबूत मिलने पर दंपती के विरुद्ध न्यायालय में चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई के दौरान जहां अभियुक्तगणों के अधिवक्ता ने पहला अपराध बताते हुए कम से कम दंड दिए जाने की याचना की, वहीं जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी ज्ञानेंद्र शरण रॉय ने हत्या का मामला बताते हुए अधिक से अधिक दंड देने की याचना की। अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान व पत्रावली का अवलोकन करने के बाद दोषसिद्ध पाकर दोषी दंपती चिनीलाल धरिकार व रेशमी को सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाई। इनके ऊपर 11-11 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया गया है।

## पीकअप और बाईक की आमने सामने की टक्कर में एक की मौत एक घायल

अमन लेखनी समाचार

चोपन। जुगैल थाना क्षेत्र के अंतर्गत परसीदहिया टोला के पास अचानक बाइक सवार को सामने से तेज रफ्तार आ रही पिकअप ने टक्कर मार दिया जिससे एक व्यक्ति की हॉस्पिटल आते समय मौत हो गई वही दूसरे बाईक सवार को गंभीर चोटे आई हैं। जानकारी के मुताबिक राजेंद्र प्रजापति पुत्र भगत प्रजापति निवासी करगरा भभाइचा थाना चोपन अपने साथी राम सुंदर पुत्र दुखती के साथ परीवारीक शादी में जुगैल थाना क्षेत्र अंतर्गत बेलगड़ी गांव गए थे गुरुवार को दोपहर बाद घर लौटते समय जुगैल थाना क्षेत्र के अंतर्गत पिकअप से टक्कर हो गया जिससे मौके पर ही राजेंद्र प्रजापति उम्र 50 वर्ष की मौत हो गई। मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों की सूचना पर 108 एंबुलेंस के द्वारा चोपन सीएचसी लाया गया जहां डॉक्टर ने राजेंद्र को मृतक घोषित कर दिया वहीं रामसुंदर का इलाज चल रहा है सीएचसी प्रभारी सुभाष चंद्र ने बताया कि चोपन थाने को मेमो भेज दिया गया है।

# फार्मर रजिस्ट्री अभियान: खातेदारों के अंश निर्धारण हेतु चार दिवसीय विशेष पहल प्रारंभ

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने फार्मर रजिस्ट्री एवं खातेदारों के अंश निर्धारण हेतु चार दिवसीय विशेष अभियान का शुभारंभ किया गया है। यह अभियान दिनांक 30 अप्रैल से प्रारंभ होकर 3 मई तक संचालित किया जाएगा। अभियान का मुख्य उद्देश्य राजस्व अभिलेखों को अद्यतन करते हुए किसानों से संबंधित डाटा की शुद्धता सुनिश्चित करना है, जिससे उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ सुगमता से प्राप्त हो सके। इस विशेष अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु राजस्व विभाग, कृषि विभाग, जिला पंचायत विभाग एवं विकास विभाग को संयुक्त रूप से कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रत्येक लेखपाल के लिए स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं, जिनके आधार पर कार्य की प्रगति का मूल्यांकन किया जाएगा। अभियान के दौरान पीएम किसान योजना के अंतर्गत लाभार्थी कृषकों के डाटा में पाई गई त्रुटियों—जैसे मृत्यु प्रमाण पत्र, आधार एवं खतौनी में मिसमैच—को प्राथमिकता के आधार पर ठीक किया जाएगा। साथ ही संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे प्रतिदिन सायं 6:00 बजे तक कार्य प्रगति की रिपोर्ट अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करें जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप प्रगति न होने पर संबंधित कार्मिकों की जिम्मेदारी तय की जाएगी। उन्होंने सभी विभागों को समन्वय बनाकर कार्य करने तथा अभियान को पूर्ण रूप से सफल बनाने के निर्देश दिए हैं। यह अभियान किसानों के अधिकारों की सुरक्षा एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

# सोनभद्र में सेवानिवृत्त पुलिसकर्मी को दी गई गरिमामय विदाई




अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। जनपद सोनभद्र में हे0का0 शशिधर त्रिपाठी अधिवर्षता आयु पूर्ण कर पुलिस सेवा से सेवानिवृत्त हुए। इन्होंने अपने संपूर्ण सेवाकाल के दौरान पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी एवं कर्तव्यपरायणता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन किया। हे0का0 शशिधर त्रिपाठी द्वारा पुलिस विभाग में दीर्घकालीन सेवाएं प्रदान की गईं तथा विभिन्न स्थानों पर रहते हुए अपने कर्तव्यों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया गया, जो विभाग के लिए सराहनीय रहा। उक्त अवसर पर आयोजित विदाई समारोह में क्षेत्राधिकारी यातायात डॉ0 चारू द्विवेदी द्वारा सेवानिवृत्त कार्मिक को उपहार, स्मृति-चिह्न एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर उनके स्वस्थ, सुखद एवं समृद्ध भविष्य की कामना करते हुए भावभीनी विदाई दी गई अन्य अधिकारीगण एवं पुलिसकर्मियों द्वारा भी सेवानिवृत्त होने वाले कार्मिक के उज्वल भविष्य हेतु हार्दिक शुभकामनाएं दी गईं।

# पूर्वांचल पत्रकार एकता समिति के प्रतिनिधि मंडल ने जिलाधिकारी से की मुलाकात, सौंपा ज्ञापन

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। पूर्वांचल पत्रकार एकता समिति के पदाधिकारी ने आज जिलाध्यक्ष जीतेंद्र गुप्ता के नेतृत्व में जनपद के नवागत जिलाधिकारी से शिष्टाचार भेंट की, इस दौरान समिति के पदाधिकारियों ने जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों को प्रमुखता से उठाते हुए ज्ञापन सौंपा। संगठन की ओर से जिलाधिकारी को पदभार ग्रहण करने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं, साथ ही जनपद के समग्र विकास के लिए सफल कार्यकाल की कामना की गई। इस दौरान जिलाध्यक्ष जीतेंद्र गुप्ता के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने जिले की जमीनी समस्याओं पर ध्यान आकृष्ट कराते हुए कई महत्वपूर्ण सुझाव भी प्रस्तुत किए। संगठन ने कहा कि बकरीहवा से बीजपुर तक का संपर्क मार्ग अत्यंत जर्जर स्थिति में है, जिससे आवागमन में लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इसे जल्द से जल्द दुरुस्त कराए जाने की मांग की गई। इसके अलावा मारकुंडी स्थित टोल प्लाजा को नगर पालिका क्षेत्र से हटाने की मांग भी दोहराई गई। प्रतिनिधिमंडल ने राबर्ट्सगंज नगर पालिका क्षेत्र में फ्लाईओवर के नीचे साफ-सफाई की व्यवस्था न होने पर नाराजगी जताते हुए बताया कि पूर्व में दिए गए निदेर्शों के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। ज्ञापन में किसानों की समस्याओं को भी प्रमुखता से उठाया गया। गेहूं क्रय केंद्रों पर मूलभूत सुविधाओं के अभाव की ओर इशारा करते हुए व्यवस्था सुधारने की मांग की गई। वहीं शिक्षा के क्षेत्र में निजी स्कूलों द्वारा एनसीईआरटी की पुस्तकों के बजाय महंगी निजी किताबें लागू किए जाने से अभिभावकों पर बढ़ते आर्थिक बोझ का मुद्दा भी उठाया गया। स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर भी समिति ने चिंता जताई। मेडिकल कॉलेज में डॉक्टरों की कमी के चलते आमजन को समुचित इलाज न मिलने की बात कही गई और आवश्यक व्यवस्थाएं दुरुस्त करने की मांग की गई। अंत में संगठन ने जिलाधिकारी से अनुरोध किया कि प्रस्तुत सभी बिंदुओं पर सकारात्मक विचार करते हुए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि आमजन को राहत मिल सके। इस दौरान जिलाध्यक्ष ने जिलाधिकारी से सूचना विभाग में एलईडी ना लगने की बात भी कही, इस पर डीएम ने तत्काल सहायक सूचना अधिकारी विनय सिंह को निर्देशित करते हुए कहा कि सूचना विभाग में एलईडी की व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। इस दौरान जिलाध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता के अलावा विद्यु शेखर मिश्रा, अनूप श्रीवास्तव, राकेश सिंह, कृपा शंकर पांडेय, अर्जुन सिंह, कामेश्वर विश्वकर्मा, विकास हलचल, कन्हैया यादव, मनोज वर्मा, विशाल टंडन आदि लोग उपस्थित रहे।

**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**
स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह
समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह
समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।
मो. - 9838159555, 9935457982
E-mail address amanlekhaninews@gmail.com

